● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 281, पृष्ठ : 08, सीधी, बुधवार , 27 नवम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर





अमित शाह ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि 5

गौतम गंभीर निजी कारणों से स्वदेश लौटे 6

## हमारा संविधान एक जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज, संसद के संयुक्त सत्र में बोलीं राष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** आज संविधान दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। यह संयुक्त सत्र संसद के सेंट्रल हॉल में आयोजित हुआ। मंगलवार को देश में संविधान लागू होने के 75 साल पूरे हो गए हैं। इस दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने संविधान दिवस के अवसर पर विशेष स्मारक सिक्का भी जारी किया। साथ ही राष्ट्रपति ने एक विशेष डाक टिकट भी जारी किया। संविधान दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी, उपराष्ट्रपति ने संस्कृत भाषा में संविधान की प्रति का विमोचन भी किया।

संविधान दिवस पर अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि संविधान दिवस के पावन अवसर पर आप सभी के बीच आकर मुझे बेहद खुशी हो रही है। आज हम सब एक ऐतिहासिक अवसर के भागीदार बन रहे हैं। 75 साल पहले संसद के इसी कक्ष में देश के संविधान के निर्माण का बहुत बड़ा काम संपन्न किया और उसी दिन इस संविधान को अपनाया गया। संविधान हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों की आधारशिला है। आज कृतज्ञ राष्ट्र की तरफ से संविधान सभा के सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। बाबा आंबेडकर ने संविधान सभा का नेतृत्व किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है। इसी भावना के साथ हम इस विशेष अवसर पर इकट्ठा हुए हैं। हमें उन अधिकारियों के अमूल्य योगदान को भी याद रखना चाहिए, जिन्होंने नेपथ्य में रहकर काम किया और देश के संवैधानिक मूल्यों को मजबूती दी। जिनमें प्रमुख भूमिका बीएन राव की थी, जो संविधान सभा के सलाहकार थे। आगामी 26 जनवरी को हम अपने गणतंत्र की 75वीं वर्षगांठ बनाएंगे। ऐसे समारोह हमारी राष्ट्रीय एकता को दर्शाते हैं। हमारी संविधान सभा में देश की विभिन्नता में एकता प्रदर्शित हुई थी। आज जिन पुस्तकों का विमोचन किया गया, उनमें लोगों को हमारे संविधान निर्माण के गौरवशाली इतिहास के बारे में पता चलेगा। हमारा संविधान कई वर्षों की मेहनत से बना, लेकिन ये हमारी आजादी की लड़ाई का परिणाम था। संविधान में भारत के आदर्शों, न्याय, स्वतंत्रता और समानता को भी परिलक्षित किया गया है।

राष्ट्रपति ने कहा कि संविधान की भावना के अनुसार, कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका का दायित्व है कि वे लोगों की भलाई के लिए मिलजुलकर काम करें। देश के आर्थिक एकीकरण के लिए जीएसटी लागू किया गया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम से एक नए युग की शुरुआत की गई। सरकार ने सभी वर्गों खासकर पिछड़े वर्ग की भलाई के लिए कई कदम उठाए हैं। गरीब लोगों को पक्का घर, बिजली पानी सड़क की सुविधा मिल रही है। चिकित्सा सेवाएं मिल रही हैं और देश में बड़े पैमाने पर गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचा बनाया जा रहा है। इन प्रयासों के लिए मैं सरकार की सराहना करती हूं। राष्ट्रपति ने कहा कि न्यायपालिका, विचाराधीन कैदियों के कल्याण के लिए भी प्रयासरत है। कम संसाधन युक्त लोगों को न्याय मुहैया कराने की सुविधा बढ़ रही है। इससे हमारे संवैधानिक अधिकारों को शक्ति मिलती है। समाज में समरसता का निर्माण करना, महिलाओं के अधिकारों को सुनिश्चित करना और पर्यावरण आदि क्षेत्रों में काम हो रहा है। हमारा संविधान एक जीवंत और प्रगतिशील दस्तावेज है। हमने संविधान के माध्यम से सामाजिक न्याय के अनेक लक्ष्यों को हासिल किया है।

## भारत की एकजुटता को बनाए रखने में बाबा साहेब अंबेडकर का योगदान महत्वपूर्ण : डॉ. यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संविधान दिवस पर लंदन स्थित डॉ. बी.आर. अंबेडकर हाउस में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यहाँ भारतीय संविधान की प्रति लेकर पहुंचे और उनके साथ प्रवास पर गए दल के सदस्यों के साथ संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विजिटर्स बुक में अपने विचार अंकित किए तथा संग्रहालय का अवलोकन भी किया। उल्लेखनीय है कि डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने अध्ययन के लिए लंदन आने पर इस भवन में वर्ष 1921-1922 में निवास किया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत यदि आज एकजुट है, तो इसमें बड़ा योगदान श्रद्धेय बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का है, जिन्होंने समय रहते उस बीमारी को पहचाना, जिसके कारण समाज में फूट या अलगाव उत्पन्न होने की संभावना थी। विभिन्न कठिनाइयों के बावजूद, व्यक्ति अपनी क्षमता और योग्यता के बल पर कैसे आगे बढ़ सकता है, डॉ. अंबेडकर इसके सर्वश्रेष्ठ उदाहरण हैं। उन्होंने जातिगत भिन्नता और विषमता से उत्पन्न होने वाली चुनौतियों को भांपकर देश की एकजुटता बनाए रखने के प्रयास किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के संदर्भ में 26 नवंबर संविधान दिवस का विशेष महत्व इस कारण भी है, क्योंकि सागर विश्वविद्यालय के संस्थापक और संविधान सभा के सदस्य डॉ. हरिसिंह गौर की आज ही जयंती भी है। डॉ. गौर ने अपनी संपूर्ण सम्पत्ति सागर विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए दान दी थी। सागर विश्वविद्यालय ने बुंदेलखंड क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाकर क्षेत्रवासियों की प्रगति का पथ प्रशस्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा साहेब अंबेडकर के जीवन से जुड़े स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा?कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की इस पहल से जनसामान्य को बाबा साहेब अंबेडकर के जीवन और विचारों को जानने-समझने और देखने का अवसर प्राप्त हुआ है।

## महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री का इस्तीफा



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद अब बारी नई सरकार के गठन की है। महायुति गठबंधन ने राज्य में अपनी बड़ी जीत के बाद भी अभी तक अपना मुख्यमंत्री उम्मीदवार तय नहीं किया है। आज यानी 26 नवंबर को महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल खत्म हो रहा है। मंगलवार को राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अपने पद से इस्तीफा भी दे दिया। शिवसेना नेता अब कार्यवाहक मुख्यमंत्री की भूमिका निभाएंगे। उधर चुनाव में प्रचंड जीत हासिल करने वाले महायुति में सरकार का नेतृत्व कौन करेगा, इस पर दिल्ली से लेकर मुंबई तक बैठकों का दौर जारी है।

ऐसे में जानना जरूरी है कि महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल खत्म होने के बाद क्या होगा? मौजूदा मुख्यमंत्री ने इस्तीफा दे दिया है तो नए मुख्यमंत्री की शपथ कब होगी? 26 नवंबर के बाद सरकार का क्या होगा? क्या नई सरकार के गठन न होने से कोई संवैधानिक संकट हो सकता है?

20 नवंबर को हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में महायुति ने कुल 288 निर्वाचन क्षेत्रों में से 230 सीटें हासिल कीं। भाजपा ने सबसे अधिक 132 सीटें जीतीं, जबकि उसके सहयोगी दल- मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 57 सीटें जीतीं और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने 41 सीटें जीतीं। इसके विपरीत लोकसभा में अधिक अधिक सीटें जीतने वाले महाविकास अघाड़ी (एमवीए) को विधानसभा चुनावों में करारा झटका लगा।

## कांग्रेस के बाद शरद पवार की एनसीपी ने भी किया ईवीएम का विरोध

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) को लेकर विवाद जारी है। खासकर महाराष्ट्र में चुनावी नतीजों के एलान के बाद महायुति की जीत विपक्षी महा विकास अघाड़ी के गले नहीं उतर रही। ऐसे में पहले कांग्रेस और अब शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा-एसपी) ने भी ईवीएम को लेकर सवाल खड़े किए हैं और मतपत्रों के जरिए चुनाव कराने की मांग की है। राकांपा-एसपी के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक के बाद पार्टी के नेता जितेंद्र अव्हाड ने कहा, लगभग सभी उम्मीदवारों ने ईवीएम के खिलाफ बहुत गुस्सा दिखाया है।

## राज्यसभा की छह रिक्त सीटों के लिए उपचुनाव का एलान

### 20 दिसंबर को मतदान चुनाव, इसी दिन नतीजे



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के बाद अब राज्यसभा उपचुनावों का एलान कर दिया गया है। भारत निर्वाचन आयोग ने राज्यसभा की छह रिक्त सीटों के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इन सीटों पर 20 दिसंबर को चुनाव होंगे। नतीजे इसी दिन घोषित कर दिए जाएंगे। जिन सीटों पर चुनाव होने जा रहे हैं, उनमें से तीन सीटें आंध्र प्रदेश की हैं। इसके अलावा पश्चिम बंगाल, हरियाणा और ओडिशा की एक-एक सीट पर चुनाव कराए जा रहे हैं। सभी सीटें मौजूदा सांसदों के इस्तीफे के बाद खाली हुई थीं।

चुनाव आयोग के मुताबिक, उपचुनाव से जुड़ी अधिसूचना 3 दिसंबर को जारी की जाएगी। नामांकन की आखिरी तारीख 10 दिसंबर तय की गई है। 11 दिसंबर को नामांकन की जांच होगी। उम्मीदवार 13 दिसंबर तक नामांकन वापस ले सकते हैं। चुनाव 20 दिसंबर को कराए जाएंगे और नतीजे इसी दिन जारी कर दिए जाएंगे। चुनाव आयोग को 24 दिसंबर से पहले इन सीटों पर चुनाव संपन्न कराना है। इस पहले महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव कराए गए थे। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को मतदान कराया गया था और झारखंड में दो चरणों (13 और 20 नवंबर) में मतदान कराए गए थे। इनके परिणाम 23 नवंबर को आए थे। महाराष्ट्र में भाजपा, शिवसेना और एनसीपी की महायुति ने शानदार जीत हासिल की थी। वहीं, झारखंड में झामुमो समेत अन्य दलों के विपक्षी गठबंधन इंडिया ने सत्ता बरकरार रखी थी।

## एनसीपी नेता की हत्या मामले में दो की आजीवन कारावास की सजा निलंबित; जमानत दी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ के रायपुर में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता राम अवतार जग्गी की 2003 में हुई हत्या के मामले में दो दोषियों की आजीवन कारावास की सजा मंगलवार को निलंबित कर दी। दरअसल, छत्तीसगढ़ में दिवंगत विद्याचरण शुक्ला के नेतृत्व वाली एनसीपी के कोषाध्यक्ष जग्गी की चार जून को गाड़ी चलाते समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या बढ़ते राजनीतिक तनाव के बीच हुई थी। कारोबारी परिवार के रामावतार जग्गी देश के बड़े नेताओं में शुमार पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल के बेहद करीबी थे। शुक्ल जब कांग्रेस छोड़कर एनसीपी में शामिल हुए तो जग्गी भी उनके साथ-साथ गए।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति पथ पर अग्रसर : मुख्यमंत्री

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश भारत का दिल है, देश के सभी अंचलों के लोग यहां बसते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बदलते दौर में देश तेजी से प्रगति पथ पर अग्रसर है, मध्यप्रदेश भी उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में दिन-दूनी-रात चौगुनी प्रोग्रेस कर रहा है। हेल्थ, टूरिज्म, आईटी, एजूकेशन, गारमेंट्स सहित हर क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अधोसंरचना का क्षेत्र हो या अन्य मूलभूत सुविधाओं का क्षेत्र प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार औद्योगिक विकास और निवेश संवर्धन के लिए प्रभावी कार्य कर रही है। सड़क, बिजली तथा औद्योगिक क्षेत्र के लिए लैंड बैंक के मामले में मध्यप्रदेश ने देश के श्रेष्ठतम राज्य के रूप में स्वयं को स्थापित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यूके यात्रा के दौरान लंदन में एनआरआई समूह फ्रेंड्स ऑफ मध्य प्रदेश और प्रवासी समुदाय के साथ संवाद में यह विचार व्यक्त किए।

## संसद में राहुल और सिंधिया की मुलाकात



**भोपाल।** मंगलवार को संसद भवन में आयोजित हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम में सभी दलों के सांसद शामिल हुए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। इस दौरान सेंट्रल हॉल में एक अप्रत्याशित दृश्य देखने को मिला जब राहुल गांधी और ज्योतिरादित्य सिंधिया आमने-सामने आए। दोनों नेताओं ने गर्मजोशी से हाथ मिलाया और कुछ देर तक आपस में बातचीत की। इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं और लोगों ने इसे लेकर तरह-तरह के कयास लगाने शुरू कर दिए। हालांकि, इस मुलाकात को लेकर न तो राहुल गांधी और न ही सिंधिया ने कोई टिप्पणी की है। जब राहुल गांधी और ज्योतिरादित्य सिंधिया बातचीत कर रहे थे, उस समय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी पास ही खड़े थे। कई अन्य कांग्रेस नेता भी यह दृश्य देखकर हैरान रह गए। हालांकि, दोनों नेताओं के बीच क्या बातचीत हुई यह सामने नहीं आया है। कभी घनिष्ठ मित्र माने जाने वाले राहुल गांधी और ज्योतिरादित्य सिंधिया के संबंध 2020 के मध्य प्रदेश के सियासी घटनाक्रम के बाद बदल गए थे। सिंधिया ने अपने 22 समर्थक विधायकों के साथ कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था, जिससे प्रदेश में15 साल बाद बनी कमलनाथ सरकार गिर गई। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच दूरी बढ़ गई। हालांकि दोनों ही सार्वजनिक मंचों पर एक-दूसरे पर निशाना साधते नजर आए।

## बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो

### चिन्मय दास की गिरफ्तारी पर भारत ने जताई चिंता

**ढाका।** बांग्लादेश की एक कोर्ट ने हिंदू संगठन सम्मिलित सनातनी जोत के नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की जमानत याचिका खारिज करते हुए उन्हें जेल भेजने का आदेश दिया। इसस पहले बांग्लादेश पर हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन करने पर इस्कॉन के चिन्मय कृष्ण दास प्रभु पर कार्रवाई की गई थी। उनको देशद्रोह और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के आरोप में बांग्लादेश पुलिस ने ढाका एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया था। इसके खिलाफ हिंदू समुदाय के लोग ढाका की सड़कों पर उतर पड़े थे और जाम लगा दिया था। कई जगह से हिंसा की खबरें भी आई थीं। इस पर अब भारत ने प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, हमने बांग्लादेश सम्मिलित सनातनी जोत के प्रवक्ता चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी और जमानत न दिए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। यह घटना बांग्लादेश में चरमपंथी तत्वों द्वारा हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर कई हमलों के बाद हुई है।

## विपक्ष का लोकसभा अध्यक्ष को पत्र

**नई दिल्ली।** संविधान दिवस पर पुराने सेंट्रल हॉल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भाषण के बाद विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखा है। डीएमके सांसद ने पत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर संसद में चर्चा किए जाने की मांग की है। वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने भी ओम बिरला को पत्र लिखकर संविधान पर चर्चा करने की मांग की है। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दोनों सदनों में अध्यक्ष को पत्र लिखकर कहा कि दोनों सदनों में दो दिनों के लिए संविधान पर चर्चा होनी चाहिए।

## हिंसक हुआ इमरान की पार्टी का मार्च

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में इमरान खान की पार्टी- पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों की तरफ से इस्लामाबाद के लिए जा रही रैली को रोकने के दौरान शुरू हुई झड़पों में अब तक सुरक्षाबलों के छह जवानों की मौत हो चुकी है। बताया गया है कि इस हिंसा में 100 से ज्यादा जवान घायल भी हुए हैं। इन हालात के बीच पाकिस्तान सरकार ने अब इस्लामाबाद में सेना को तैनात कर दिया है और उसे उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने के आदेश भी दे दिए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सरकार पर चुराए गए जनादेश, लोगों की अन्यायपूर्ण गिरफ्तारी और 26वें संशोधन के पारित होने की निंदा करते हुए 24 नवंबर को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था। इसी के मद्देनजर खान के समर्थक बड़ी संख्या में इस्लामाबाद तक मार्च निकालने के लिए एकत्रित हुए। हालांकि, पीटीआई समर्थकों को राजधानी में प्रवेश करने और धरना देने के प्रयास को विफल करने के लिए अधिकारियों के कड़े इंतजाम किए। पूर्व प्रधानमंत्री के समर्थक राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने और कई महत्वपूर्ण सरकारी भवनों राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री कार्यालय, संसद और उच्चतम न्यायालय के नजदीक स्थित डी-चौक पर धरना देने जा रहे हैं। इसके बावजूद इमरान खान की रिहाई की मांग के साथ निकाले जा रहे इस मार्च में सुरक्षाबलों की कड़ाई के बाद हिंसा भड़क उठी। बड़ी संख्या में अर्धसैनिक बल और पुलिस के जवानों के घायल होने के बाद अब इस्लामाबाद में सेना को सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## देश की सुरक्षा को चुनौती देने वालों को मिलेगा करारा जवाब : पीएम



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान दिवस पर सुप्रीम कोर्ट में आयोजित समारोह में संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि मैं देश का यह संकल्प दोहराता हूं कि भारत की सुरक्षा को चुनौती देने वाले हर आतंकी संगठन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी को संविधान दिवस की बधाई। भारत के संविधान का ये 75वां साल पूरे देश के लिए एक गौरव का विषय है। आज मुंबई में हुए आतंकी हमले की भी बरसी है। इस हमले जिनकी मृत्यु हुई उनको मैं श्रद्धांजलि देता हूं।

बीते 75 वर्षों में देश के सामने जो भी चुनौतियां आई हैं। हमारे संविधान ने हर चुनौती का समाधान करने के लिए उचित मार्ग दिखाया है। संविधान ने आपातकाल का सामना किया। संविधान से मिली शक्ति की वजह से ही आज जम्मू-कश्मीर में भी बाबा साहब आंबेडकर का संविधान पूरी तरह लागू हुआ है। आज पहली बार वहां भी संविधान दिवस मनाया जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि संविधान सभा की बहस के दौरान बाबा साहब आंबेडकर ने कहा था कि संविधान केवल वकीलों का दस्तावेज नहीं है। इसकी भावना हमेशा युग की भावना है।

पीएम ने कहा कि आज यह आसान लगता है कि लोगों को नल से पानी मिल रहा है, लेकिन आजादी के 75 साल बाद भी सिर्फ तीन करोड़ घरों में ये सुविधा थी। संविधान की मूल प्रति में भगवान राम, माता सीता की तस्वीरें हैं। भारतीय संस्कृति के प्रतीक चित्र इसलिए हैं ताकि वो हमें मानवीय मूल्यों की याद दिलाते रहें। ये मानवीय मूल्य आज के भारत की नीतियों और निर्णयों का आधार हैं। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 10 साल में 53 करोड़ से ज्यादा भारतीयों के बैंक खाते खुले, जो बैंक के दरवाजे तक नहीं पहुंच पाए। पिछले 10 साल में 4 करोड़ से ज्यादा भारतीयों के घर पक्के हुए। उन्होंने कहा कि भारत के हर नागरिक का सपना विकसित भारत है। इसी ध्येय से हम काम कर रहे हैं। हमने दिव्यांगों को पहचान दिलाई है। हमने संविधान की भावना को सशक्त किया है। हमने त्वरित न्याय के लिए न्याय संहिता लागू की है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब वरिष्ठ नागरिकों को बैंकों में जाकर यह साबित करना पड़ता था कि वे जीवित हैं। आज वरिष्ठ नागरिक डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। देश के 100 जिले विकास की गति में आगे बढ़ रहे हैं। लोगों की रोजमर्रा जिंदगी की परेशानी दूर करने का काम भी चल रहा है। कुछ साल पहले तक देश में ढाई करोड़ घर अंधेरे में डूब जाते थे। देश में सबको बिजली कनेक्शन देकर हमने घरों को रोशन किया। सुदूर इलाकों में हजारों मोबाइल टावर लगाए गए। ताकि लोगों को 4 जी और 5 जी कनेक्शन की सुविधा मिले। पीएम मोदी ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने संविधान सभा में अपने भाषण में कहा था कि भारत को ईमानदार लोगों के समूह की जरूरत है जो देश के हित को अपने से ऊपर रखते हैं। राष्ट्र प्रथम की यह भावना आने वाले कई वर्षों तक भारतीय संविधान को जीवंत रखेगी। मैंने उस मर्यादा का पालन करने की कोशिश की जो संविधान ने मुझसे मांगी थी, मैंने उसका अतिक्रमण करने की कोशिश नहीं की।

# बारूद फैक्ट्रियों की मनमानी, अकुशल श्रमिकों के हाथ में दे दिया प्रोडक्शन

## बारूद में मिलावट कर क्वालिटी में कर रहें खेल, जिम्मेदार मनमानी पर नहीं लगा पा रहे अंकुश

सिंगरौली

ऊर्जाधानी के नाम से मशहूर सिंगरौली जिला बारूद के ढेर में बैठा है। 14 साल पहले हुए धमाकों में 22 लोग शहीद हो गए थे लेकिन यहां के जिम्मेदार नेताए मुख्यमंत्री और यहां के लोग सो रहे हैं। जग रहें हैं तो सिर्फ यहां के लोग जो कोयला की राख,ओवी की धूल के साथ बारूद फैक्ट्री की जहर रूपी हवा सांस के रूप में ले रहे हैं। जिम्मेदारों द्वारा दावा किया जा रहा है कि जल्द ही कहीं और बारूद फैक्ट्री को शिफ्ट कर दिया जाएगा। सीएम ने भी घटना के बाद आश्वस्त किया था कि बारूद फैक्ट्री को शहर से दूर बसाया जाएगा। चर्चा है कि अकुशल श्रमिकों के द्वारा बारूद का काम कराया जा रहा है।

गौरतलब हैं कि शहर के बीचों बीच इंडस्ट्रीयल एरिया बलियरी में स्थापित तमाम बारूद कंपनियों में चल रही मनमानी पर अंकुश लगाने आज तक कोई प्रयास नही किया गया। जिस वजह से कंपनियों ने काम कर रहे मजदूरों की जिंदगी खतरे में है। साथ ही बारूद की क्वालिटी में गुणवत्ता की चोरी होने की वजह से एनसीएल को भी क्षति पहुंच रही है। जबकि बारूद शब्द जो अपने आप में काफी खतरनाक शब्द है। पांच जुलाई सन 2009 के दिन बलियरी के इंडस्ट्रियल एरिया में बारूद अपना असली रूप दिखा भी चुका है और इस हादसे में कागजी तौर पर 22 श्रमिक मौत की गाल में समा चुके हैं लेकिन कम्पनी प्रबंधनों की उस दिल दहला देने वाले हादसे के बाद भी निगाह नही खुल सकी है। तमाम बारूद फैक्ट्रियों में अकुशल श्रमिक बारूद का प्रोडक्शन कर रहे है। वायलर भी अप्रशिक्षित श्रमिक चला रहे हैं,प्रोडक्शन इंचार्ज तथा वायलर ऑपरेटर के नाम पर प्रत्येक फैक्ट्रियों में एक-एक कर्मचारी रखे गये है। लेकिन कम्पनियों में 24 घंटे प्रोडक्शन का काम चलता है। ऐसे में कुछ समय तक अकुशल श्रमिकों के जिम्मे ही प्रोडक्शन का काम रहता है। जबकि बारूद के प्रोडक्शन का काम काफी जोखिम भरा रहता है। तमाम ज्वलनशील पदार्थो को मिलाकर बारूद बनता है। प्रोडक्शन करने के लिये कई बारीकियों को ध्यान में रखना पड़ता है। थोड़ी सी भी चूक हुई तो बहुत बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। ऐसी स्थिति में अकुशल श्रमिकों से कराये जा रहे बारूद का प्रोडक्शन पूर्णत- सिंगरौली वासियों के हित में नही है।

### नियमों को की अनदेखी कर हो रहा प्रोडक्शन

इंडस्ट्रीयल एरिया के सोलार, ब्लास्टेक, आईडीईएएल, आरईसीएल सहित करीब 7-8 कम्पनियां व जयंत स्थित आईडीएल व आईसीआई सहित दर्जनों फैक्ट्रियां है। जहां बारूद बनाकर एनसीएल में ब्लास्टिंग के लिये सप्लाई किया जाता है। इन कम्पनियों में नियमों को ताक में रखकर बारूद का प्रोडक्शन किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि पैसा बचाने के चक्कर में कम्पनी प्रबंधन सिंगरौली वासियों की जिदंगी के साथ खिलवाड़ करने मे लगे हुये है। इन दिनों जिले में स्थित दर्जनों कम्पनियों में बारूद बनाया जाता है।




### जोखिम भरा होता है बारूद का प्रोडक्सन

बारूद का प्रोडक्सन अत्यंत ही जोखिम भरा होता है। इसे बनाने के लिये कई कच्चे माल को उपयोग में लाया जाता है। प्रमुख रूप से अमोनियम नाईट्रेट,कैल्शियम नाईट्रेट, एफ एफ ओ, डीजल,मेल्ट इत्यादि ये सभी ज्वलनशील पदार्थ होते है। अहम बात यह है कि इन सभी कच्चे पदार्थो को अलग-अलग निर्धारित समय पर एक बड़े टैंक में डाला जाता है। तथा अंत में डाला जाने वाला कैल्शियम नाईट्रेट अत्यंत ज्वलनशील होता है। कोई भी पदार्थ निर्धारित समय से पहले या बाद में टैंक में डाला गया तो टैंक ब्लास्ट होने का खतरा रहता है। वहीं सबसे ज्यादा ध्यान देने वाला काम वायलर होता है। वायलर से गर्म वाष्प बनाकर टैंक में डाला जाता है। टैंक में वाष्प जाते समय ध्यान देना होता है कि वाष्प का टम्प्रेचर अधिक ना हो। क्योंकि टम्प्रेचर आवश्यकता से अधिक हुआ तो टैंक ब्लास्ट होने से कोई नही बचा सकता। इतनी बारीकियां रहती है बारूद का प्रोडक्शन करने में जो अकुशल श्रमिकों से कराया जाता है।

### अकुशल श्रमिकों के हाथ प्रोडक्सन

बारूद फैक्ट्रियों में एक वायलर आपरेटर तथा एक प्रोडक्शन इंचार्ज सिर्फ दो ही कर्मचारी टेक्निकल होते है। शेष अधिकांश अकुशल श्रमिक लगे रहते है। जबकि बारूद का प्रोडक्शन हर समय चलता रहता है। एनसीएल की मांग पर कभी-कभी रात भर प्रोडक्शन चलता है। वहीं प्रोडक्शन इंचार्ज तथा वायलर ऑपरेटर 8 घंटे की ड्यूटी करने के बाद रेस्ट लेते हैं। उस समय प्रोडक्शन का काम सिर्फ अकुशल श्रमिकों के जिम्मे रहता है। इन कंपनियों में अकुशल श्रमिकों से प्रोडक्सन का काम कराकर पैसा तो बचाया ही जा रहा है। साथ ही बारूद की क्वालिटी में भी गुणवत्ता की जमकर चोरी करने की बात सामने आ रही है। सूत्र बताते हैं कि इन सभी कंपनियों में कुछ ऐसी कंपनियां है जिसमें अधिकारियों की मिली भगत से बारूद की क्वालिटी में गुणवत्ता की चोरी की जा रही है। बताते हैं कि बारूद के प्रोडक्सन में आवश्यकतानुसार कुछ महंगे कच्चे माल को उपयोग में नही लाया जाता या फिर जरूरत के मुताबिक कच्चा माल न मिलाकर सिर्फ औपचारिकता की पूर्ति की जाती है। इस तरह का बना हुआ बारूद एनसीएल के अधिकारी खरीद तो लेते हैं लेकिन ब्लास्ट करने की क्षमता कम होने की वजह से ये घटिया किस्म के बारूद ब्लास्ट नही कर पाते। परंतु एनसीएल के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से इन कंपनियों का एनसीएल से बिल पास हो जाता है।

### मिलता है ज्यादा प्रोडक्सन का काम

सूत्र बताते हैं कि बलियरी में स्थापित दो से तीन कंपनियों के प्रति एनसीएल के कुछ संबंधित अधिकारियों की मेहरबानी भी इन दिनों साफ प्रदर्शित हो रही है। सूत्रों की माने तो जिन कंपनियों में बारूद की क्वालिटी में गुणवत्ता की चोरी की जाने की बात सामने आती है इन्हीं कंपनियों को एनसीएल के संबंधित अधिकारी प्रोडक्सन का ज्यादा काम आवंटित करते हैं। एनसीएल प्रबंधन यदि गहन पड़ताल करे तो इस तरह के कई मामले उजागर हो सकते है। बताते है कि लक्ष्य की पूर्ति के लिये जल्दबाजी में किया गया बारूद का प्रोडक्सन वैसे भी गुणवत्ता युक्त नही हो पाता और इन कंपनियों में ज्यादा लक्ष्य मिलता है तथा इनके पास प्रोडक्सन करने के लिये पर्याप्त कर्मचारी व अन्य उपकरण न होने की वजह से लक्ष्य प्राप्त करना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में जल्दबाजी में घटिया बारूद बनाकर एनसीएल को सौंपा जाता है।

# मायाराम महाविद्यालय में मना संविधान दिवस



**सिंगरौली।** मायाराम महाविद्यालय में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार संविधान दिवस का आयोजन किया गया । संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के संस्थापक संरक्षक एवं सिंगरौली के पूर्व विधायक रामलल्लू बैस उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्जवलित के साथ पूजा अर्चन कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बताया की संविधान का निर्माण किस प्रकार से हुआ और जिन विद्वतजनों ने इसमें अपने भूमिका निभाई उनके बारे में भी प्रकाश डाला। साथ ही कहा कि हमें संविधान को पढ़ना एंव समझना चाहिए,जिससे हम अपने अधिकारों और कर्तव्यों के लिए जागरूक रहे हैं। महाविद्यालय के डायरेक्टरबद्री नारायण बैस ने अपने संदेश में कहा की संविधान हमें अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों का का बोध कराता है,जिससे हम एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभा पाते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अविनाश राय ने इस आयोजन पर सभी अतिथियों का महाविद्यालय परिवार की तरफ से स्वागत अभिनंदन किया एवं संविधान की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अगले भाग में सभी के द्वारा आज के ही दिन 26 नवंबर को हुए मुंबई में आतंकवादी हमले में वीर शहीदों को याद कर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# विंध्याचल में संविधान दिवस पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन

**सिंगरौली।** भारत के संविधान को अपनाने के उपलक्ष्य में हर साल 26 नवंबर को भारत में संविधान दिवस मनाया जाता है। भारतीय संविधान को औपचारिक रूप से संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था और 26 जनवरी 1950 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर लागू हुआ था। इसी कड़ी मे एनटीपीसी विंध्याचल मे संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक विंध्याचल ई सत्य फणि कुमार, महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण संजीव कुमार साहा ने परियोजना के प्रशासनिक भवन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय संविधान की प्रस्तावना पढ़कर सुनाई। एनटीपीसी विंध्याचल के कर्मचारियों ने संविधान में निहित मूल्यों और सिद्धांतों को बनाए रखने और राष्ट्र के कानून का पालन करने वाले नागरिकों के रूप में नेतृत्व करने का संकल्प लिया। इसके अतिरिक्त संविधान दिवस के अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक चिकित्सा डॉ.बी सी चतुर्वेदी एवं अन्य विभागाध्यक्षों ने भी अपने-अपने विभागो मे शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया।

# कांग्रेस ने मनाया संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ

**सिंगरौली।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वाधान और शहर अध्यक्ष अरविंद सिंह चंदेल व ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी के संयुक्त मार्गदर्शन में भारत के संविधान की 75वीं वर्षगांठ को पर्व के रूप में अंबेडकर भवन निगाही में बाबा साहब डाक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए मनाया गया। उक्त अवसर पर शहर अध्यक्ष अरविंद सिंह चंदेल ने संविधान दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कांग्रेस के साथ मिलकर देश की



अखंडता, संप्रभुता, एकता एवं समानता को कायम रखते हुए संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी कड़ी में ग्रामीण अध्यक्ष ज्ञानेंद्र द्विवेदी द्वारा भी सविधान दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि आज देश की भाजपा सरकार भारतीय संविधान को छेड़ छाड़ करने में लगी हुई है। इसके नुमाइंदों द्वारा संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं को खंडित करने जैसा घिनौना कार्य किया जा रहा है। भारत संविधान के आधार पर चलता आ रहा है। जिसमें समानता स्वतंत्रता धार्मिक स्वतंत्रता अखंडता विद्मान है लेकिन यह सब इनको खटक रहा है। भाजपा इसको तोड़कर संविधान को बदलना चाहती है जबकि हम सभी कांग्रेसजन ऐसा होने नहीं देंगे। हर हाल में संविधान की रक्षा राष्ट्रीय नेतृत्व राहुल गांधी के साथ मिलकर करेंगे। इस दौरान मधु शर्मा, जिलाध्यक्ष कृष्णा सिंह परिहार, मनोज दुबे ,अमित द्विवेदी, कृष्णा प्रसाद शाह, रविकांत सोनी , देवपति सिंह,भास्कर मिश्रा,सूर्य कुमार द्विवेदी, अनिल बैस व बंतो कौर ने भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सुदामा प्रसाद कुशवाहा कार्यालय महामंत्री द्वारा किया गया।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित

## एएसपी ने सुनी फरियादियों की समस्या, कार्यवाही के निर्देश

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में एएसपी ने जनसुनवाई में आए हुए लोगो की समस्याओं को सुनकर त्वरित निराकरण किया। जिन समस्याओं का निराकरण यहां से नही हो पाया उन्हें थाना व चौकी प्रभारियों को निराकरण करने निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान सीएसपी पीएस परस्ते, यातायात थाना प्रभारी विद्यावारिधी तिवारी, महिला थाना प्रभारी प्रियंका शर्मा व पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। गौरतलब हो कि जनसुनवाई में विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदको के द्वारा आवेदन पत्र समक्ष में प्रस्तुत किये गये। जिसे प्रत्येक आवेदकों से रूबरू होकर उनकी शिकायतो को जनसुनवाई के माध्यम से सुनकर कई शिकायतो का मौके में निराकरण कराया गया तथा शेष आवेदन पत्र में वैधानिक कार्यवाही हेतु थाना प्रभारियों व चौकी प्रभारियो को निर्देशित किया गया।

# कलेक्ट्रेट प्रांगण में भारत के संविधान उद्देशिका का किया गया सामूहिक वाचन

## संविधान निर्माण में योगदान देने वाले महापुरूषो पर आधारित लघु फिल्म का किया अवलोकन

**सिंगरौली।** जिला मुख्यालय सहित सभी विकास खण्डों में महाविद्यालयो एवं विद्यालयों में संविधान दिवस के अवसर पर भारत का संविधान उद्देशिका का सामूहिक वाचन वाचन किया गया। वही कलेक्ट्रेट कार्यालय के प्रागंण में राज्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग राधा सिंह, देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम, सिंगरौली विधायक रामनिवास



शाह, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय के गरिमामय उपस्थिति में भारत का संविधान उद्देशिक का सामूहिक वाचन किया गया। कलेक्टर ने कहा कि भारत जैसे विशाल देश के लोकतंत्र की शक्ति हमारा संविधान ही है, जो हर व्यक्ति के लिए न्याय और समान अधिकार सुनिश्चित कर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का मंत्र देता है। हमारा विश्वास है कि संविधान सिर्फ मंचों पर दिखाने की एक पुस्तक नहीं बल्कि पूर्ण श्रद्धा से आत्मसात कर सार्वजनिक जीवन में अपना सर्वोच्च योगदान देने की कुंजी है। आइए! इस संविधान दिवस पर एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प लें। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट सभागार में संविधान निर्माण में योगदान देने वाले महापुरूषों पर आधारित लघु फिल्म का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरविंद झा, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेंय, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की, अरविंद द्विवेदी, नंदन तिवारी, सौरभ मिश्रा, तहसीलदार रमेश कोल सहित जिलाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राजस्व महा अभियान सहित कई प्रकरणों का तेजी से हो रहा निराकरण : ऋषि नारायण

**सिंगरौली।** तहसील चितरंगी तहसीलदार ऋषि नारायण सिंह और राजस्व महा अभियान को लेकर आम जनता से अपील करते हुए कहा कि इस राजस्व महा अभियान में अपने प्रकरणो का शत-प्रतिशत निराकरण करायें। राजस्व महा अभियान अंतर्गत प्राप्त आवेदनों को संज्ञान में लेकर तहसीलदार चितरंगी ऋषिनारायण सिंह के द्वारा नामांतरण,पुल्लीफाट,बटनवारा सहित अन्य लंबित प्रकरणों का भी लगातार निराकरण किया जा रहा है। साथ ही फार्मर आईडी भी बनवाई जा रही है। जिसको लेकर तहसील क्षेत्र अंतर्गत किसानों ने खुशी एवं प्रसन्नता जाहिर की है तथा ऐसे अधिकारी की प्रशंसा भी करते नहीं थक रहे हैं।

# आप पार्टी ने मनाया संविधान दिवस

**सिंगरौली।** आम आदमी पार्टी के बैनर तले भारतीय संविधान दिवस एवं पार्टी स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आम आदमी पार्टी के लोकप्रिय महापौर एवं प्रदेश अध्यक्ष रानी अग्रवाल,विशिष्ट अतिथि अभिमन्य देव सिंह प्रवक्ता व अध्यक्षता आम आदमी पार्टी जिला अध्यक्ष रतिभान प्रसाद के द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में प्रदेश अध्यक्ष रानी अग्रवाल ने कहा कि आज का दिन भारतीय इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया है। पहले यह कि आज के ही दिन हमारे संविधान का निर्माण बाबा साहब अंबेडकर के द्वारा पूर्ण किया गया। जिसके माध्यम से शोषित वंचित पीड़ित को संवैधानिक एवं मौलिक अधिकार प्राप्त हुए दूसरा यह की बाबा साहब एवं भगत सिंह को अपना आदर्श मानते हुए आज के ही दिन पार्टी का गठन हमारे नेता अरविंद केजरीवाल के द्वारा किया गया। कलेक्टेड परिसर के सामने कार्यक्रम के बाद सिंगरौली जिले के विभिन्न मुद्दो को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान आप पार्टी के सैकड़ो पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने डबल लॉक केन्द्र बैढ़न का किया निरीक्षण

## किसानो से चर्चा कर खाद उपलब्धता की ली जानकारी



**सिंगरौली।** कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा औचक रूप से मार्कफेड द्वारा संचालित डबल लॉक केंद्र बैढन् निरीक्षण कर उर्वरक वितरण की व्यवस्था एवं उपलब्धता के संबंध में किसानों से की चर्चा की गई । कलेक्टर ने किसानों से चर्चा करते हुए बताया कि जिले में डीएपी एवं यूरिया के पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने किसानो को अवगत कराया कि जिले में 1663 टन डीएपी एवं यूरिया 2844 टन यूरिया विभिन्न मार्कफेड के गोदामों एवं समितियों में उपलब्ध है। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित उपसंचालक कृषि आशीष पाण्डेय को निर्देश दिए कि यदि किसान अधिक संख्या में उर्वरक प्राप्त करने गोदामों पर पहुँचते तो आवश्यकता अनुसार उर्वरक वितरण काउन्टर की संख्या बढ़ाएं। कलेक्टर ने किसानो से नैनो यूरिया के प्रयोग एवं फसलों की बुआई के सम्बन्ध में भी जानकारी प्राप्त की तथा एनपीके, यूरिया एवं अन्य उर्वरकों की की उपलब्धता के लिए कलेक्टर ने किसानो को आश्वस्त किया आप लोगो को उर्वरक एवं बीज कमी नही आने दी जायेगी। निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक मनोज सिंह, डॉ.लवकुश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# अवैध कॉलोनियों का निर्माण करने वाले कोलेनाईजरों पर करें कार्यवाही : कलेक्टर

## नगर निगम सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित

सिंगरौली

नगर पालिक निगम सिंगरौली के सभागार में सिंगरौली विधायक राम निवास शाह, कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के उपस्थिति में विकास कार्यो सहित जन कल्याणकारी योजनाओं, राजस्व वशूली, आयुष्मान कार्ड, पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक के प्रारंभ में नगर निगम आयुक्त डीके शर्मा ने निगम द्वारा संचालित निर्माण कार्यो सहित जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विंदुवार अवगत कराया। तत्पश्चात विधायक सिंगरौली ने निर्देश दियें कि जिन स्थलो पर सडक़ निर्माण नही हुआ हैं, वहां पर सिवरेज



तथा पेयजल की पाईप लाईन डालने के के बाद ही सडक़ का निर्माण कार्य कराएं। विधायक ने कहा कि प्रायन्कुछ स्थलो में यह देखने को मिला है कि टंकी भरने के बाद भी पानी की सप्लाई चालू रहती है। जिससे पेयजल की बर्बादी होती है। उन्होंने कहा कि पेयजल की बर्बादी रोकने के लिए आवश्यक पहल करें। साथ ही प्रत्येक निर्माण कार्य का प्रक्कलन बोर्ड भी लगवाएं तथा कायाकल्प अभियान 2.0 अभियान के अंतर्गत ऐसे प्रकलन तैयार कराये ताकि सडक़ आधी अधूरी न बने सडक़ का पूरा निर्माण हो सके।

### लक्ष्य के अनुसार करें राजस्व वसूली

कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि राजस्व वशूली लक्ष्य के अनुसार करें। प्रधानमंत्री आवास योजना के दोनो घटको का कार्य लक्ष्य के अनुसार समय पर कराएं। साथ ही जो भी निर्माण कार्य कराया जाना है उनक निर्माण निर्धारित समयानुसार गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं। कलेक्टर पीएम स्वनिधि योजना की जानकारी लेने के बाद निर्देश दिये कि पीएम स्वनिधि के लंबित आवेदनों का बैंको के साथ समन्वय बनाकार लंबित प्रकरणो का निराकरण कराकर हितग्राहियों को लाभान्वित कराएं। उन्होनें ने निर्देश दिये कि कैम्प आयोजित कर आम जन मानस के बीच शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रचार करायें। साथ ही डोर टू डोर संपर्क कर आयुष्मान कार्ड बनाएं।

### अवैध कॉलोनी निर्माण करने वालों पर करें कारवाही

कलेक्टर द्वारा निर्देश दिया गया कि नगरीय क्षेत्र में अवैध कालोनियों का निर्माण करने वाले कोलेनाईजरो को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही करें। साथ ही यदि अवैध कालोनियों में विद्युत, नल कनेक्शन आदि देने वाले भी दोषी माने जायेंगे। बैठक के पश्चात संविधान दिवस के अवसर पर भारत का संविधान उद्देशिका कासामूहिक वाचन वाचन किया गया। कलेक्टर ने स्वच्छता सर्वेक्षण के संबंध में की जा रही तैयारियों की जानकारी लेने के बाद निर्देश दिया गया कि स्वच्छता सर्वेक्षण के सभी पैरामीटरों में कार्य कर निगम की रैकिंग अच्छी लायें। बैठक के दौरान कार्यपालन यंत्री व्हीपी उपाध्याय, उपायुक्त नगर निगम आरपी बैस, सहायक यंत्री संतोष पाण्डेंय, एसएन द्विवेदी, अमिताभ यादव सहित उपयंत्री उपस्थित रहे।

# संविधान दिवस पर जिला न्यायालय परिसर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



**सीधी।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर तथा प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में संविधान दिवस के अवसर पर दिनांक 26.11.2024 को प्रात: 10:30 बजे जिला न्यायालय परिसर ए.डी.आर. सेन्टर भवन मीटिंग हॉल में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। प्रस्तावना का वाचन श्री वीरेन्द्र जोशी जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी द्वारा कराया गया। विशेष न्यायाधीश श्रीमती रमा जयंत मित्तल द्वारा सभी को संविधान दिवस की शुभकामना दी गई। इसके उपरांत ए.डी.आर. सेन्टर में साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजन किया गया। उक्त शिविर में विशेष न्यायाधीश श्रीमती रमा जयंत मित्तल ने मौलिक अधिकार के बारे में बताया और जानकारी दी कि हमारे क्या मौलिक अधिकार है। यह भी बताया कि हमारे मौलिक अधिकार एक सीमा तक सीमित है। उक्त शिविर में अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ सीधी श्री बृजेन्द्र सिंह ने संविधान के प्रावधानों के संबंध में चर्चा की। शिविर में प्रथम जिला न्यायाधीश श्री राजेश श्रीवास्तव ने संविधान की प्रस्तावना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर में जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री वीरेन्द्र जोशी ने संविधान के महत्व के साथ-साथ आगामी 14 दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। उक्त शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री सोनू जैन ने संविधान में निहित कर्तव्य के बारे में विस्तार से बताया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती सोनम शर्मा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री रमेश द्विवेदी जी द्वारा किया गया।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विशेष न्यायाधीश श्रीमती रमा जयंत मित्तल, अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ श्री बृजेन्द्र सिंह, कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश श्री मुकेश कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री वीरेन्द्र जोशी, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव तृतीय अतिरिक्त न्यायाधीश सुश्री उर्मिला यादव, चतुर्थ जिला न्यायाधीश श्री गौतम कुमार गुजरे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री लक्ष्मण डोडवे, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री सोनू जैन, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती शोभना मीणा, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेनू श्रीवास्तव, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती सोनम शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अभिषेक साहू, न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अनिरूद्ध कुमार उचाड़िया, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल सीधी श्री देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा सहित समस्त लीगल एड डिफेंस काउंसिल एवं जिला अभिभाषक संघ के सचिव श्री विद्याकांत मिश्र, श्री बृजेन्द्र सिंह बघेल एवं अन्य अभिभाषक संघ के सभी वरिष्ठ अधिवक्तागण, जिला न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्रधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## नवजात शिशु सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर एसएनसीयू में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**सीधी।** जिला चिकित्सालय में नवजात शिशु सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर एसएनसीयू में जागरूकता का कार्यक्रम रखा गया जिसके अंतर्गत स्टाफ नर्सिंग ऑफिसर्स के द्वारा बहुत ही सुंदर रंगोली बनाई गई। एसएनसीयू को सजाया गयातथा वार्ड में भर्ती बच्चों के अभिभावकों को छोटे बच्चों की देखभाल के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें बच्चों को माँ के दूध के महत्व, टीकाकरण, साफसफाई, कंगारु केयर, शिशु की देखभाल आदि की जानकारी प्रदान की गई। उपरोक्त कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ दीपा रानी इसरानी, डॉ सुरेंद्र सिंह नेशनल ऐससर, डॉ हरिओम, डॉ विनय, डॉ आशीष, डॉ सोनी, डॉ शोभा एवं अन्य सभी नर्सिंग ऑफिसर्स, सहायक प्रबंधक पंकज सिंह, अन्य पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर ने सुनी 130 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

### शालिक राम गुप्ता को समस्या के निराकरण के साथ मिली ट्राइसाइकिल



**सीधी।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर नीलेश शर्मा द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 130 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई में जनपद पंचायत सिहावल के ग्राम तरका से आये शालिक राम गुप्ता ने अपने आवेदन पत्र के माध्यम से बताया कि नि:शक्तता का पेंशन न मिलने और दोनों पैर से विकलांग के कारण जीवन यापन करने में समस्याएं आ रही है। संयुक्त कलेक्टर ने शिकायत का तत्काल निराकरण सामाजिक न्याय विभाग से कराया। साथ ही उनकी शारीरिक की स्थिति को देखते हुए ट्राई साइकिल प्रदान कराई। आज समस्या का त्वरित निराकरण होने पर शालिक राम गुप्ता खुश और संतुष्ट दिखे।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर प्रशांत त्रिपाठी, प्रिया पाठक सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

## संविधान दिवस पर शासकीय सेवकों को दिलाई गई शपथ

**सीधी।** संविधान दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सभागार सहित जिले के सभी शासकीय कार्यालयों एवं संस्थाओं में भारत का संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। जिला पंचायत सभागार में संयुक्त कलेक्टर नीलेश शर्मा द्वारा अधिकारियों, कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर भारत के संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया।

# शासकीय महाविद्यालय मड़वास में मनाया गया संविधान दिवस



**सीधी।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय मड़वास में संविधान दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाया गया। भारत सरकार ने संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने के महत्व को देखते हुए साल भर चलने वाले उत्सव को ''हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान'' अभियान की टैगलाइन के तहत चलाने का निर्णय लिया है। आज इस कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम संविधान दिवस के महत्व को डॉ. लक्ष्मीकांत कुशवाहा ने बताया। संविधान बनने की प्रक्रिया और लगने वाले समय, उसके महत्व और संविधान में दर्शित सभी मौलिक अधिकारों के बारे में छात्र -छात्राओं को बताया गया। आज कार्यक्रम के शुरुआत में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की गयी फिर संविधान के उद्देशिका का वाचन डॉ.आकांक्षा मिश्रा ने किया और सभी छात्र - छात्राओं एवं स्टॉफ को शपथ दिलाई गयी। संविधान दिवस के उपलक्ष्य में डॉ. अमिता खरे, डॉ. संध्या वर्मा, डॉ. पूजा गर्ग, डॉ. पंकज मिश्रा ने संविधान के बारे में विभिन्न बारीकियां छात्र -छात्राओं को बतायी। अध्यक्षीय उद्धबोधन प्राचार्य डॉ. आई.पी.प्रजापति ने दिया। उन्होंने संविधान के तहत अधिकार और कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ संगीता मिश्रा, डॉ निशा सिंह, डॉ. सौरभी गुप्ता, डॉ. ज्योति रजक, डॉ कमलेश जायसवाल, डॉ अनुराग तिवारी, डॉ राजेश पटेल, डॉ सुरेंद्र गुप्ता, श्री धीरज नामदेव शिक्षक, श्री अनिल केवट सहित महाविद्यालय के छात्र/छात्रायें उपस्थित रहे।

# हम होंगे कामयाब जागरूकता अभियान अंतर्गत जेण्डर संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित

**सीधी**

जिले में जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम के लिये ''हम होंगे कामयाब'' जागरूकता अभियान 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर 2024 तक आयोजित किया जा रहा है। उक्त अभियान अंतर्गत जेंडर संवेदनशीलता और जेंडर-आधारित मुद्दों से निपटने के कलेक्ट्रेट सभागार सीधी में जेण्डर संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में बाल विकास परियोजना सीधी क्र. 01 एवं क्र. 02 के परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, बाल देखरेख संस्थान के कर्मचारी, वन स्टॉप सेंटर सीधी



के अधिकारी/कर्मचारी, शौर्यादल सदस्य, ऊर्जा महिला डेस्क कर्मियों, पैरालीगल वालेन्टियर उपस्थिति में डॉ. दिलीप सोनी सहायक प्राध्यापक विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र कन्या महाविद्यालय जिला सीधी द्वारा जिले में जेंडर संवेदीकरण के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। श्री सोनी द्वारा बताया गया कि मेरे अनुसंधान में देखने को मिला कि हमारे समाज द्वारा ही ज्यादातर भेदभाव प्रदर्शित किये जाते है कि ये लड़की का काम है ये लड़के का। यदि पंचायतों में पत्नी प्रधान है तो भी वहां पुरूष को ही काम करने का प्रभार दिया जाता है।

आर.सी. त्रिपाठी जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सीधी द्वारा बताया गया कि सेक्स जैवकीय एवं प्राकृतिक होता है जबकि जेण्डर सामाजिक होता है जिसमें कार्य का बटवारा भी जेंण्डर के आधार पर समाज ही करता है। लड़का या लड़की का पहनावा भी तय किया जाता। समाज में अपने विचारों को बदलकर ही सशक्त किया जाता है। अवधेश सिंह सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास द्वारा मंच संचालन कर बताया गया कि हमारे समाज की विसंगतिया देखी जाती हैं कि प्रापर्टी महिलाओं की अपेक्षा अधिकतर पुरूषों के नाम ही होती है। श्रीमती अरूणिमा पाठक केश वर्कर वन स्टॉप सेंटर सीधी द्वारा घरेलू हिंसा को धाराओं सहित विस्तार पूर्वक बताया गया एवं वन स्टॉप सेंटर में दी गई सेवाये जैसे परामर्श सहायता, पुलिस सहायता, कानूनी सहायता, अस्थाई आश्रय, 24 घंण्टे हेल्पलाईन सेवा के बारे मे जानकारी दिया गया।

अंत में संविधान दिवस पर शपथ दिलाई गई एवं 25 नवम्बर से 10 दिसम्बर 2024 तक के कार्यक्रम हम होंगे कामयाब अभियान की रूप रेखा का वर्णन किया गया।

# पड़रा ग्राम में सामाजिक मानचित्रण कार्यक्रम का आयोजन



**सीधी।** कृषि विज्ञान केन्द्र सीधी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. ए.के. श्रीवास्तव, वैज्ञानिक डॉ. अलका सिंह, डॉ. शैलेन्द्र सिंह गौतम एवं श्रीमती अमृता तिवारी के मार्गदर्शन में कालेज ऑफ एग्रीकल्चर रीवा की चतुर्थ वर्ष की छात्राओं द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र सीधी में ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव (रावे) के अन्तर्गत पड़रा ग्राम में पार्टीसेपेट्री रूरल अप्रेजल के अन्तर्गत सामाजिक मानचित्रण (सोशल मैपिंग) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक संरचना, संसाधनो और आवश्यकताओ को समझना और दर्शाना था ताकि विकास योजनाओ को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। इस कार्यक्रम में 11 रावे छात्राओं (दीक्षा सिंह राजपूत, पुष्पांजली पाण्डेय, राखी सोनी, सीमा सिंह, प्रतिक्षा सोनी, अंकिता त्रिपाठी, श्वाती तिवारी, राधा बाघेल, दिव्याशी त्रिपाठी, यशस्वी तिवारी एवं मोनिष्का साक्य) ने भाग लिया जिन्होने गॉव के विभिन्न हिस्सों का दौरा किया और स्थानीय निवासियों एवं किसानों से बातचीत कर जानकारी प्राप्त की। छात्राओं ने गॉव के स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्र, जल स्त्रोत एवं अन्य कार्यालय जैसे कि आगनवाड़ी, आर.टी.ओ. आफिस आदि का मानचित्रण किया। रावे छात्राओ ने बताया कि इस गतिविधि से उन्हे गॉव की सामाजिक स्थिति को समझने का मौका मिला। गॉव की सरपंच श्रीमती अन्जूलता कोल ने छात्राओ की इस पहल की साराहना की और कहा कि इस तरह की गतिविधि हमारे गॉव के विकास में मददगार साबित होगी। इस गतिविधि के अंत में रावे छात्राओं ने एक रिपोर्ट तैयार की जिसमें ग्राम की सामाजिक स्थिति, संसाधनों एवं प्रगति की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त हो रही है।

## जिला सलाहकार समिति पी.सी. एवं पी.एन.डी.टी. एक्ट जिला सीधी की बैठक 27 नवम्बर को

**सीधी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुनीता तिवारी ने जानकारी देकर बताया है कि जिला सलाहकार समिति पी.सी. एवं पी. एन. डी. टी. एक्ट जिला सीधी की बैठक दिनांक 27.11.2024 को दोपहर 1.30 बजे से मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई है। उन्होनें सभी संबंधितो को सूचित किया है कि नियत दिनांक, समय व स्थान पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# कांग्रेस ने कई बार संविधान पर चलाए बुलडोजर, संविधान की रक्षा भाजपा के हाथों : संसद

**सीधी।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा संसद में संविधान दिवस की 75 वीं वर्षगांठ पर आयोजित ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी , उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं सांसद सदस्यों की उपस्थिति में स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी कर हमारे संविधान की गौरवशाली विरासत को सम्मानित किया। संविधान दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम के पश्चात मीडिया से रूबरू होते हुए लोकसभा संसदीय क्षेत्र के



सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर और समस्त संविधान निर्माताओं को नमन, जिनकी दूरदृष्टि और परिश्रम से हमारा लोकतंत्र सशक्त हुआ। आइए, संविधान के आदर्शों को आत्मसात करें और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहब अंबेडकर के द्वारा दिए गए संविधान पर कई बार बुलडोजर चलाया। संवैधानिक पदों पर बैठे हुए व्यक्ति जैसे प्रधानमंत्री के आदेश को कांग्रेस के युवराज ने खुलेआम फाड़ कर फेंक दिया था, यह किस संविधान में लिखा हुआ है। कांग्रेस ने 7 वर्षों तक शासन किया जबकि संविधान में 5 वर्ष के पश्चात चुनाव कराने का प्रावधान है, ऐसा किस संविधान में लिखा हुआ है। कांग्रेस जो संविधान लहरा लहरा कर संविधान की दुहाई दे रही है ,उसी कांग्रेस ने संविधान की कई बार हत्या की है। संविधान का कई बार मखौल उड़ाया है। संविधान में दर्जनों संशोधन किए हैं।

# केन्द्रीय विद्यालय के छात्रों को जैविक खेती एवं मशरूम की खेती के बारे में दिया गया प्रशिक्षण



**सीधी।** मशरूम उर्जा का एक अच्छा स्त्रोत एवं न्यूनतम कैलोरी भोजन है क्योंकि इसमें पानी अधिक (90 प्रतिशत) शुष्क अवयव कम (10 प्रतिशत ) और वसा सबसे कम (0.6 प्रतिशत ) है। वसा की कम मात्रा होने के कारण इसे मोटापा रोग, रक्त चाप एवं हृदय रोग के लिये उपयुक्त आहार माना गया है। सीधी जिले स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में यहाँ के वैज्ञानिक डा. ए.के. श्रीवास्तव, डा. अलका सिंह, डा. शैलेन्द्र सिंह, श्रीमती अमृता तिवारी एवं कृषि महाविद्यालय रीवा की रावे छात्राओं के द्वारा जिले के केन्द्रीय विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को जैविक खेती एवं मशरूम खेती के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रोग्राम में रावे छात्राओ द्वारा बच्चो को जैविक खेती की परिभाषा, उद्देश्य एवं लाभ के बारे में बताया गया। बच्चो को जैविक खेती के अंग जैसे जीवामृत, बीजामृत, नीमास्त्र, वर्मीकम्पोस्ट एवं दसपर्णी अर्क बनाने की विधि, उपयोग की विधि एवं इनके लाभों के बारे में बताया गया। इसके बाद बच्चो को मशरूम की खेती कैसे करते हैं इसका प्रेक्टिकल करवाया गया। बच्चों को बताया गया कि मशरूम की खेती के लिये गेहूॅ का भूसा, पॉलीथीन, मशरूम के बीज एवं कुछ रसायन जैसे कर्बेन्डाजिम एवं फार्मोलिन का उपयोग किया जाता है। मशरूम की खेती बहुत ही कम खर्च में की जा सकती है एवं इससे बहुत अधिक लाभ प्राप्त होता है। मशरूम की खेती बिना खेत वाले किसानों के लिये उपयुक्त होती है। इस प्रोग्राम में कृषि विज्ञान केन्द्र के सभी वैज्ञानिक, केन्द्रीय विद्यालय के छात्र- छात्रायें, शिक्षक एवं कृषि महाविद्यालय रीवा की रावे छात्रायें भी शामिल हुई।

## डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान दिवस संगोष्ठी का किया गया कार्यक्रम

**सीधी।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव रीवा संभाग प्रभारी राम प्रताप सिंह यादव की उपस्थिति में भारतीय संविधान दिवस का कार्यक्रम मनाया शहर अध्यक्ष समर बहादुर यादव की अध्यक्षता में संविधान दिवस कार्यक्रम तारों के साथ मनाया गया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव के आदेशानुसार हर घर शिक्षा हर घर संविधान के तहत 26 नवंबर को शाम 5:00 बजे कलेक्ट चौराहा में स्थापित भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर जी को याद कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर डॉ बाबा साहब अमर रहे के साथ संविधान दिवस का कार्यक्रम जिला, शहर एवं ब्लॉक स्तर पर संविधान दिवस कार्यक्रम को मनाया गया।

# विधानसभा क्षेत्र धौहनी के 38 बीएलओ को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

### जवाब समाधान कारक न होने की स्थिति में एक माह के वेतन आहरण पर रोक लगाने की कार्यवाही की जावेगी

**सीधी।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 82-धौहनी ने 38 बी.एल.ओ. को दिनांक 29.11.2024 तक मतदाताओं का नाम जोड़ने एवं जेन्डर रेशियों, इपिक रेशियो बढ़ाने का लक्ष्य का कार्य पूर्ण करते हुए अपना जबाब निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र 82 धौहनी के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। जबाव समाधान कारक न होने की स्थिति में एक माह के वेतन आहरण पर रोक लगाने की कार्यवाही वरिष्ठ कार्यालय को प्रस्तावित की जावेगी। उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश 17 अरेरा हिल्स भोपाल के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का कार्यक्रम 2025 के दौरान बी. एल. ओ. द्वारा 18-19 वर्ष के मतदाताओं का नाम जोड़ने एवं जेन्डर रेशियो, इपिक रेशियो बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित प्राप्त हुये थे। लगातार निर्देश देने के बाद भी अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्र क्रमांक 6- कोटरो के बीएलओ गनपत सिंह प्रा.शिक्षक, 8-गजरी महिपाल सिंह प्रा. शिक्षक, 26-ताला बाबूलाल कोरी मा. शिक्षक, 29-करमाई विनोद सिंह प्रा. शिक्षक, 31-करमाई राम सिंह प्रा. शिक्षक, 44-भैंसवाही रोमित सिंह शिक्षक, 51- मझौली अजय वर्मा प्रा. शिक्षक, 81-धनिगवां मुनीन्द्र प्रसाद शर्मा स. शिक्षक, 84-बरसेनी जगजीवन सिंह प्रा. शिक्षक, 116- सोनवर्षा शिवप्रसाद साकेत सं.शा. शिक्षक, 126- कमचढ़ राजेन्द्र प्रसाद द्विवेदी प्रा. शिक्षक, 168-गोतरा गणेश प्रसाद साहू शिक्षक, 172-रामपुर अमोल सिंह शिक्षक, 174-टमसार बुद्धलाल सिंह शिक्षक, 176-बड़का डोल कमलेश पाण्डेय शिक्षक, 185-डीम अर्पणा सिंह आ.कार्या., 188-खैरी नारेन्द्र कुमार सिंह शिक्षक, 189-हर्दी हरीलाल अहिरवार शिक्षक, 200-मेड़रा रामकिशोर प्रजापति शिक्षक, 204-कोड़ार कामता प्रसाद टाडिया शिक्षक, 208-सोनगढ़ बैजनाथ जायसवाल शिक्षक, 209-देवरी रामलला जायसवाल शिक्षक, 210-सोनगढ़ योगेन्द्र यादव शिक्षक, 211-मझौली प्रदीप कुमार यादव शिक्षक, 215-घोरबंधा जानकी सिंह उरपेती शिक्षक, 218-अमरोला पवन कुमार पनिका शिक्षक, 221-भरसेंडा श्यामसुन्दर जायसवाल सहा. अध्यापक, 222-भरसेंडा राजकुमार पनिका सहा. अध्यापक, 223-भरसेंडा राजपती पनिका सहा. अध्यापक, 240-कटई सुग्रीव प्रसाद साहू अध्यापक, 245- कोडरिया श्रीमान सिंह सहा. अध्यापक, 277-गड़ईगांव लल्लू प्रसाद पनिका अध्यापक, 279-गडईगांव आशीष कुमार पनिका सहा. अध्यापक, 281-धौहनी विजय बहादुर सिंह सहा. अध्यापक, 282-धौहनी इन्द्रपाल सिंह सहा. अध्यापक, 294-बेलगांव सुमेश्वर प्रसाद जायसवाल सहा. अध्यापक, 295-चमारीडोल राजबहोर साकेत सहा. अध्यापक एवं 296-झारा रामकुशल जायसवाल सहा. अध्यापक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

## संपादकीय

### धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद पर सुप्रीम निर्णय

संविधान की प्रस्तावना से धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी शब्द हटाने की मांग पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक निर्णय आया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता संविधान की मूल संरचना का अभिन्न अंग हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि हालांकि इन शब्दों की अलग-अलग तरीकों से व्याख्या की जा सकती है, लेकिन इन्हें पश्चिमी व्याख्याओं के बजाय भारतीय संदर्भ में समझा जाना चाहिए.इसके पहले बांग्लादेश में अटॉर्नी जनरल मोहम्मद असदुज्जमां ने यह कहकर एक नई बहस शुरू कर दी है कि वहां के संविधान से 'समाजवाद' और 'धर्मनिरपेक्षता' शब्दों को हटा देना चाहिए। अटॉर्नी जनरल का यह प्रस्ताव ऐसे समय आया है जब अवामी लीग की शेख हसीना सरकार को गिरे कुछ महीने ही हुए हैं और बांग्लादेश में अभी अंतरिम सरकार चल रही है। इस प्रस्ताव से यह चिंता गहरी हो गई है कि क्या बांग्लादेश एक इस्लामी राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है।भारतीय उपमहाद्वीप और खासकर विभाजन के संदर्भ में देखें तो भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश- तीनों का साझा इतिहास है। ऐसे में अंग्रेजी उपनिवेशवाद से मुक्ति के बाद जहां भारत ने लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने का फैसला किया, वहीं पाकिस्तान को इस्लामी राष्ट्र का रास्ता भाया। बांग्लादेश की खासियत यह रही कि शुरू में पाकिस्तान का हिस्सा रहते हुए इस्लामी राष्ट्र का अनुभव लेने के बाद वह उससे अलग हुआ और उसने अपने लिए धार्मिक रूप से उदार राष्ट्र के स्वरूप को बेहतर माना। बांग्लादेश के संदर्भ में यह बात ज्यादा मायने इसलिए भी रखती है कि एक देश के रूप में उसका जन्म ही धार्मिक उदारता जैसे मूल्यों की सार्थकता सिद्ध करता है। पाकिस्तान के अलग अस्तित्व के पीछे यह मान्यता थी कि धर्म एक राष्ट्र के बनने का ठोस आधार है। भारत ने विभाजन को स्वीकार करते हुए भी इस मान्यता को ठुकरा दिया। बांग्लादेश के एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में उदय ने एक बार फिर इस बात की पुष्टि कर दी कि सिर्फ धर्म किसी राष्ट्र के निर्माण की बुनियाद नहीं हो सकता। तीनों देशों की अब तक की यात्रा के उतार-चढ़ावों पर गौर करें तो उससे भी यह बात स्थापित होती है कि धार्मिक कट्टरता किसी देश को सुख, शांति और समृद्धि की ओर नहीं ले जाती।

**झारखंड विधानसभा चुनाव में एग्जिट पोल के पूर्वानुमानों को धता बताते हुए झामुमो तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। बता दें कि इस बार के झारखंड के चुनाव में आइएनडीआइए (इंडिया) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) गठबंधनों के बीच सीधी और जबर्दस्त टक्कर हुई। कांटे की इस टक्कर में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली 'इंडिया' गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन किया। इस चुनाव में इंडिया गठबंधन की ओर से सबसे ज्यादा झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) कुल 34 सीटें जीत कर सबसे आगे रही।**

# झारखंड विधानसभा चुनाव- भाजपा का दांव पूरी तरह फेल हो गया

(चेतनादित्य आलोक)

इन सबके बीच भाजपा का एजेंडा झारखंड में पूरी तरह से फेल होता हुआ दिखाई दिया, जबकि भाजपा ने राज्य में चुनाव प्रचार में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह दोनों ने ही लाइव रैलियां कीं।

झारखंड विधानसभा चुनाव में एग्जिट पोल के पूर्वानुमानों को धता बताते हुए झामुमो तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। बता दें कि इस बार के झारखंड के चुनाव में आइएनडीआइए (इंडिया) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) गठबंधनों के बीच सीधी और जबर्दस्त टक्कर हुई। कांटे की इस टक्कर में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली 'इंडिया' गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन किया। इस चुनाव में इंडिया गठबंधन की ओर से सबसे ज्यादा झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) कुल 34 सीटें जीत कर सबसे आगे रही। वहीं, कांग्रेस ने 16 सीटों पर जीत दर्ज की है, जबकि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने 04 और कम्यूनिष्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्ससिस्ट-लेनिनिस्ट लिबरेशन) यानी सीपीआई (एमएलएल) ने 02 सीटों पर जीत दर्ज करने में सफलता प्राप्त की। इस प्रकार देखा जाए तो इंडिया गठबंधन ने राज्य की कुल 81 में से 56 सीटें प्राप्त कर न केवल अपनी सरकार बचा ली है, बल्कि जबर्दस्त वापसी की है। दूसरी ओर एनडीए गठबंधन को झारखंड चुनाव में एक बार फिर भारी नुकसान उठाना पड़ा है। बता दें कि एनडीए गठबंधन के लिए सबसे ज्यादा भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने 21 सीटों पर जीत दर्ज की। वहीं, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू), जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) और लोकतांत्रिक जनता पार्टी (लोजपा) रामविलास ने एक-एक सीटों पर जीत दर्ज करने में सफलता पाई है। तात्पर्य यह कि झारखंड विधानसभा चुनाव में एनडीए को कुल 24 सीटें मिली हैं।

**हेमंत सोरेन ने राजनीतिक परिपक्वता दिखाई:** इससे पहले एग्जिट पोल में राज्य में बीजेपी और उसकी अगुवाई वाले एनडीए को स्पष्ट तौर पर विजेता के रूप में दिखाया जा रहा था, लेकिन परिणाम बताते हैं कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा और इंडिया गठबंधन ने राज्य की जनता को अपने वादों और दावों के प्रति लुभाने में सफलता प्राप्त करते हुए बंपर जीत हासिल की। वहीं, दूसरी ओर बीजेपी अपनी सारी ताकत झोंकने के बाद भी आदिवासियों समेत राज्य की जनता को इंप्रैस नहीं कर पाई। बता दें कि भाजपा ने झारखंड में चुनावों से पहले 'लव जिहाद' तथा 'लैंड जिहाद' का मुद्दा बेहद जोर-शोर से उठाया था। गौरतलब है कि भाजपा की ओर से की गई हिंदू और मुस्लिम ध्रुवीकरण की कोशिश के बीच हेमंत सोरेन बिल्कुल



शांत और उकसाने वाले बयानों से बचते दिखे। यह निश्चित रूप से हेमंत सोरेन की राजनीतिक परिपक्वता को दर्शाता है। हालांकि, उनकी ही पार्टी के कुछ नेता और इंडिया गठबंधन के अन्य घटक दलों के कई नेता कई मौके पर लगातार हिंदू-मुसलमान करते अवश्य देखे और सुने गए। इस प्रकार, राज्य में पूरे चुनावी काल में हिंदू-मुसलमान के नाम पर विष-वमन होता रहा।

**भाजपा का दांव पूरी तरह फेल हो गया:** इन सबके बीच भाजपा का एजेंडा झारखंड में पूरी तरह से फेल होता हुआ दिखाई दिया, जबकि भाजपा ने राज्य में चुनाव प्रचार में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह दोनों ने ही लाइव रैलियां कीं। प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह से लेकर तमाम स्टार प्रचारकों ने कमान संभाल रखी थी। यहां तक कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा राज्य में दो महीने तक जमे रहे, जिन्होंने बांग्लादेश से 'घुसपैठियों' को आने देने के लिए सोरेन सरकार पर जोरदार हमले किए। गौरतलब है कि भाजपा ने अपनी रैलियों में झारखंड की 'माटी, बेटी और रोटी' का मुद्दा उठाया। इस मामले में भाजपा के नेताओं ने हेमंत सोरेन की सरकार पर आरोप लगाए कि राज्य में 'माटी, बेटी और रोटी' खतरे में हैं। यहां तक कि पार्टी की ओर से जेएमएम के विरूद्ध ट्रंप कार्ड के तौर पर चंपई सोरेन और सीता सोरेन को इस्तेमाल करने की कोशिश भी की गई, लेकिन भाजपा का यह दांव भी नहीं चला। इस प्रकार देखा जाए तो झारखंड में भाजपा का 'माटी, बेटी और रोटी' तथा 'घुसपैठिया' का मुद्दा उसकी अपेक्षा के अनुरूप नहीं चल पाया।

**अनिर्णय की स्थिति भी कारण:** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के भीतर कुछ नए और पुराने नेताओं को लेकर लंबे समय से असमंजस की स्थिति बनी हुई है कि राज्य के भावी मुख्यमंत्री के रूप में किसे नेतृत्व सौंपा जाए- नए, तेज-तर्रार और युवा नेता को अथवा पुराने, स्थापित और मजे हुए नेता को। ऐसा बताया जाता है कि पार्टी के भीतर कलह और मनमुटाव जारी रहने के कारण इस बात पर एक राय नहीं बन पाई कि झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले उसकी ओर से किस नेता को मुख्यमंत्री के तौर पर प्रस्तुत किया जाए। यही कारण है कि बड़ी संख्या में राज्य की गैर-आदिवासी जनता ने भी उसे नकार दिया। बता दें कि किसी भी कार्य में अनिर्णय की स्थिति गलत या बुरे निर्णय से भी अधिक घातक मानी जाती है। राजनीति में तो यह बिल्कुल ही नहीं चलने वाली। इसलिए अब कम-से-कम भाजपा को इसे गंभीरता से लेना होगा और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए इस बात पर प्राथमिकता से विचार करते हुए पार्टी की ओर से राज्य को प्रतिनिधित्व देने का प्रयास करना ही होगा, अन्यथा पार्टी चाहे जितने भी प्रयास क्यों न कर ले, 2024 दोहराने के लिए राज्य की जनता हमेशा बाध्य होती रहेगी।

**प्रभावशाली चेहरे का आभाव:** यह एक कड़वा सच है कि झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के भीतर ऐसे प्रभावशाली चेहरे का बेहद आभाव है, जो जनता को प्रभावित कर अपनी ओर आकर्षित कर सके। जिस प्रकार, उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्टी को विजयी बनाने की पूरी जिम्मेदारी अपने कंधों पर ले रखी है और जिस प्रकार हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पार्टी के लिए एक जिम्मेदार चेहरा हैं, वैसे ही चुनाव से पहले झारखंड में भी पार्टी को भावी मुख्यमंत्री के रूप में एक जिम्मेदार चेहरा पेश करना चाहिए था। गौरतलब है कि ऐसा नहीं करके भाजपा ने एक प्रकार से अपने ही पैर पर कुल्हाड़ी मारी है, जबकि विपक्ष की ओर से तो पहले ही दिन से यह बिल्कुल साफ कर दिया गया था कि यदि इंडिया गठबंधन ने चुनाव जीता तो उनकी ओर से मुख्यमंत्री का चेहरा हेमंत सोरेन ही होंगे। हालांकि, ऐसा नहीं है कि भाजपा के भीतर ऐसे लोगों का अभाव है। गौर करें तो पार्टी के भीतर कई नेता हैं, जो हेमंत सोरेन को कड़ी टक्कर देने में सक्षम हैं। यहां तक कि कुछ नेता तो उनसे बेहतर परफॉरमेंस करने की क्षमता और कौशल भी रखते हैं, लेकिन पार्टी की ओर से उन्हें आगे नहीं करने के कारण चुनाव के दौरान मतदाताओं के बीच इस बात को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रही कि एनडीए का नेतृत्व कौन करेगा।

**पीड़ित कार्ड खेलना भी कारण:** गौरतलब है कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 31 जनवरी को 8.36 एकड़ जमीन के अवैध कब्जे से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। इसे मुद्दा बनाकर भाजपा ने चुनाव के दौरान झामुमो नेता के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, किंतु यह हमला उस पर ही भारी पड़ गया। दरअसल, जब हेमंत सोरेन जेल में थे, तो उन्होंने अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को पीड़ित (विक्टिम) कार्ड खेलने के लिए प्रेरित किया, जिसके पश्चात् कल्पना राज्य की आदिवासी जनता के बीच जाकर उनसे अपने विरूद्ध भाजपा शासन द्वारा साजिशें किए जाने की बात बताती रहीं। दूसरी ओर भाजपा इस भ्रम में बैठी रही कि उसकी रणनीति राज्य के विधानसभा चुनाव में सफल हो जाएगी। ऊपर से महत्वपूर्ण चुनावों से ठीक पहले हेमंत सोरेन को जेल से बेल पर छोड़ा जाना भाजपा की सेहत के लिए और घातक हो गया। चुनाव के दौरान हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी ने जम कर पीड़ित कार्ड खेला और अंततः राज्य के आदिवासियों को बहलाने-फुसलाने में सफल हुए। यही कारण है कि झारखंड के आदिवासी क्षेत्रों में इस बार मतदान प्रतिशत रिकॉर्ड स्तर पर रहा। बता दें कि राज्य की 26 आरक्षित सीटों में से 21 सीटों पर जेएमएम प्रत्याशी विजयी हुए, जो यह दर्शाता है कि राज्य के आदिवासी मतदाताओं ने भाजपा को इस चुनाव में बुरी तरह से नकार दिया है। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार एवं राजनीतिक विश्लेषक)

# महाराष्ट्र में 'संघ शक्ति' की जीत, जानिए इसके मायने

(गंगाधर ढोबले)

महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों के नतीजे इस बार ऐतिहासिक और अभूतपूर्व रहे। भाजपा की लहर नहीं, सुनामी चली। इन कल्पनातीत और अनपेक्षित नतीजों ने भाजपा के सहयोगी दलों- शिंदे सेना और अजित पवार की एनसीपी की नैया भी पार लगा दी। कांग्रेस के नेतृत्व में उद्धव सेना और शरद पवार की एनसीपी की महाविकास आघाड़ी चारों खाने चित हो गई। राज ठाकरे की एमएनएस, प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन आघाड़ी, बच्चू कडू की तीसरी आघाड़ी शून्य के साथ अस्तित्व के संकट में आ गई।

**लाजवाब स्ट्राइक रेट:** भाजपा की चमत्कारिक जीत का अंदाजा उसके स्ट्राइक रेट से आ जाता है। उसने 148 सीटों पर चुनाव लड़ा और 132 पर जीत हासिल की। स्ट्राइक रेट रहा 89 प्रतिशत। इतना स्ट्राइक रेट शायद ही किसी पार्टी ने अब तक पाया हो। शिंदे सेना के भी मजे रहे। वह 81 सीटों पर लड़ी और 57 पर विजय पाई। स्ट्राइक रेट रहा 70 प्रतिशत। अजित पवार की एनसीपी का स्ट्राइक रेट तो शिंदे सेना से भी अधिक 75 प्रतिशत के करीब है। वह 55 सीटों पर लड़ीं और 41 जीतीं। उधर, विपक्ष में कांग्रेस का स्ट्राइक रेट 16 प्रतिशत है, जिसने 101 सीटों पर लड़कर 16 ही जीतीं। उद्धव सेना ने 95 सीटें लड़कर 20 जीतीं और स्ट्राइक रेट रहा 21 प्रतिशत। शरद पवार की एनसीपी का स्ट्राइक रेट सबसे कम 12प्रतिशत ही है। उसने 87 सीटों पर चुनाव लड़ा और हाथ लगीं केवल 10।

**बनेगा दबदबा:** सबसे अधिक मार शरद पवार की एनसीपी को पड़ी, जिससे उबरने की निकट भविष्य में संभावना दिखाई नहीं देती। शरद पवार का इस तरह हाशिए पर आ जाना महाराष्ट्र की राजनीति में एक युग का पटाक्षेप लगता है। दूसरा निष्कर्ष यह भी है कि जनता की अदालत ने शिंदे सेना को असली शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी को सही एनसीपी माना। शिंदे और अजित पवार अपनी पार्टियों को तोड़ते समय जितने विधायक अपने साथ ले गए थे, उससे कई अधिक विधायकों को उन्होंने जितवाया। इससे दोनों का दबदबा बना रहेगा।



**कमजोर विपक्ष :** कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष की महाविकास आघाड़ी बुरी तरह से पिट गई। उनमें से किसी भी पार्टी को नेता प्रतिपक्ष का पद तक नहीं मिलेगा। यह पद पाने के लिए नियमानुसार 10प्रतिशत से अधिक यानी कम से कम 29 विधायक होने चाहिए।

**जीत के कारण :** महायुति की छप्परफाड़ जीत के कुछ प्रमुख कारण हैं- लाड़की बहीण (लाड़ली बहना) योजना, हिंदुत्व के वोटों का ध्रुवीकरण, लोकसभा चुनावों जैसी तटस्थता छोड़कर संघ के स्वयंसेवकों का पूरी शक्ति के साथ मैदान में उतर जाना, महायुति के घटक दलों का परस्पर सामंजस्य और गजब का समन्वय, मराठों के मुकाबले एनसीपी को जोड़ने में संघ की सफलता के कारण आरक्षण के मुद्दे का निष्प्रभावी हो जाना। यहां तक कि आरक्षण के नेता मनोज जरांगे के करीबी राजेश टोपे तक मराठों के वोट न मिलने से हार गए। यही नहीं, आरक्षण आंदोलन में जरांगे के गुरु रहे शरद पवार की पार्टी को भी मराठों ने नकार दिया।

**महिलाओं का समर्थन:** विपक्षी आघाड़ी में आपसी लड़ाई अंत तक खत्म नहीं हुई। लाड़ली बहना योजना और मुंबई में धारावी झुग्गी का विकास अदाणी को सौंपने के विरोध का आघाड़ी को नुकसान हुआ लगता है। शुरुआत में लाड़ली बहना योजना का आघाड़ी विरोध करती रही और अंत में महायुति से भी अधिक राशि देने का चुनावी वादा कर दिया। इस बदलते रुख से महिलाओं का आघाड़ी ने विश्वास खो दिया। महिलाओं का मतदान पहली बार 6 प्रतिशत से अधिक बढ़ा। 12 से अधिक क्षेत्रों में उन्होंने पुरुषों से अधिक मतदान किया। लाड़ली बहना में मुस्लिम महिलाएं भी बहुतायत से हैं, जो अपने परंपरागत वोटबैंक से छितरकर महायुति के साथ हो लीं।

**मुस्लिमों की दूरी:** मुस्लिम वोट बैंक ने भी इस बार विपक्षी आघाड़ी का साथ नहीं दिया। मुस्लिम वोटिंग अक्सर 80प्रतिशत के आसपास होती है, इस बार लगभग आधी रही। मुस्लिम महिलाओं को घटा दिया जाए तो यह प्रतिशत और कम हो जाएगा। वैसे भी सभी मुस्लिम कांग्रेस या उसके सहयोगी दलों के साथ नहीं जाते। खासकर पिंजारी आदि पसमांदा मुसलमानों में ज्यादतर भाजपाऔर उसके सहयोगी दलों के वोटर हैं।

**नैरेटिव बदला:** कांग्रेस लोकसभा चुनावों में जीत के कारण मुगालते में रही। अंत तक उसकी घटक दलों से खींचतान चलती रही। उद्धव ठाकरे और शरद पवार अपने टूटे धड़े के लोगों को 'गद्दारजाद्दार' कहते रहे और अदाणी को धारावी के विकास का काम देने का विरोध करते रहे। दोनों नैरेटिव को जनता ने नकार दिया। अजित पवार ने शरद पवार की अदाणी से मिलीभगत की ऐन मौके पर पोल खोलकर पांसा पलट दिया। लोकसभा चुनाव में 'संविधान और आरक्षण को खतरे में' बताकर आघाड़ी ने वोटरों को अपनी ओर मोड़ दिया था। इस बार यह काम नहीं आया। इसके विपरीत भाजपा के 'बटेंगे तो कटेंगे' और 'एक हैं तो सेफ है' के नारों ने हिंदू वोटों को जुटाने में अहम भूमिका निभाई। इसलिए इसे 'संघ शक्ति' और 'नारी शक्ति' की विजय भी कहा जा सकता है। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## वर्ग पहेली 5564

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | | 6 |
| 7 | | | 8 | | | | |
| | | 9 | | | | 10 | |
| 11 | 12 | | | | 13 | | |
| 14 | | 15 | | 16 | | | |
| | 17 | | | | | 18 | 19 |
| 20 | | | | 21 | 22 | | |
| 23 | | | | | 24 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. अफ्रीका का वह देश एक प्रजातंत्र राज्य है जिसे 1 जुलाई 1960 को गणराज्य घोषित किया गया (2)
3. जम्मू-कश्मीर में 4054 मीटर की ऊंचाई पर स्थित हिंदुओं का तीर्थ स्थल (5)
7. ऐसा वाद्य जिसमें तार लगे हो, वही, वह, उस, उसी (2)
8. सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर की जन्मस्थली मध्यप्रदेश के इस अंचल में स्थित है (3)
9. मन की कल्पना, विचार, ख्याल (3)
10. पुराणानुसार एक दैत्य का नाम जिसे श्रीकृष्ण ने अपनी बाल्यावस्था में मारा था, बगला नामक पक्षी (2)
11. फन, हुनर (2)
13. बुहारना, पोछना, चलता करना (3)
14. सिख संप्रदाय के आदि गुरू (3)
16. लहर, उमंग, तरंग, झूमने का भाव (3)
17. उत्पात, उपद्रव, खलबली (4)
18. इंसाफ, फैसला (2)
21. मध्यप्रदेश का एक प्रसिद्ध रेलवे जंक्शन, प्रसिद्ध अभिनेता प्रदीप कुमार की अभिनेत्री बेटी (2)
23. चप्पू (4)
24. कलिंद पर्वत से निकलने के कारण यमुना नदी का एक नाम (3)

ऊपर से नीचे(2)

1. हमला करने का अवसर देखना (5)
2. हजरत मुहम्मद की छंदोबद्ध स्तुति (2)
3. कृष्ण पक्ष की अंतिम तिथि (4)
4. रगड़ना, घिसना (3)
5. अत्यंत महीन कण, सूजी (2)
6. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना (4)
10. दूल्हा-दुल्हन को यह भी कहा जाता है (4)
12. तिरस्कारपूर्ण बात, भर्त्सना, धिक्कार (3)
13. गाए जाने वाले वेदमंत्र (2)
15. शास्त्रीय संगीत में एक ताल (4)
16. छिछली गोल तथा छोटी थाली (3)
19. हजरत मूसा के धर्म का अनुयायी (3)
20. स्वयं, स्वतः, खुद (2)
22. किसी नगर या कस्बे में प्रवेश द्वार (2)

### वर्ग पहेली 5563 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | त | र | प्र | दे | श | | वा |
| प | | म | जा | | म | द | न |
| न | | क | | द | शा | | र |
| य | मु | ना | | ल | द | ना | |
| न | | | लू | | बे | टा | |
| सं | ता | न | | सा | ग | | ब |
| स्का | | म | र | ह | म | | हु |
| र | ह | न | | स | | भा | त |

# अलाव की आग बिना अधूरी हैं सर्दियां

(शैलेंद्र पांडेय)

हम उसे पूजते हैं, वह हमें पोषती है, लेकिन दोस्ती हमारी आग से तो अलाव से ही होती है। जब कोई डर नहीं होता और न कोई बेगानापन, जब उसकी आंच हमारे शरीर के ताप से मिलकर एक होने लगती है। जितना कोहरा पहचान है सर्दियों की, उतना ही अलाव भी। एक नजरों को बांध देता है और दूसरा दूर से ही नजर में आ जाता है। अलाव में प्यार है, ममता है, यह जलता है, लेकिन मुस्कुराता है। इसके पास बैठकर कभी उदास नहीं हो सकता कोई। लपटों में छिपी मुस्कान इसकी सबको हंसाती है साथ अपने।

करीब 15 लाख साल पहले इंसानों ने जाना कि आग जलती कैसे है। रिसर्चर्स कहते हैं कि वह एक दुर्घटना थी। अगर दुर्घटना थी, तो भी क्या खूब थी। वह न होती, शायद यह आज वाला वक्त न होता। वही आग अग्निदेव बनी, हैस्टिया कहलाई, वेस्टा के नाम से पुकारी गई और हुओ नाम पाई। सभ्यता भारतीय हो, चीनी या मिस्र - आग हमेशा सबसे पवित्र रही। वह देवालयों में जली, दीयों में जली। प्राकृतिक शक्ति का सबसे बड़ा रूप रही। इसे जोड़ा गया जीवन, संतुलन और संरक्षण से। इसने पाला, पर संहार भी खूब किया। यह पुचकारती रही और समय-समय पर डराती भी। लेकिन, यही आग जब अलाव के ठौर बैठी, तो मिजाज ही बदल गया। गर्मी वही रही, लेकिन तेजी नहीं। पवित्र वह तब भी बनी रही, लेकिन दैवीय नहीं। ताकत उसमें होती है, लेकिन भय भरने वाली नहीं। तब वह चुंबक की तरह खींचती है सभी को अपनी तरफ। उसकी आंच तब लगती है गर्म लिहाफ की तरह, जो ठंड से ठिठुरते बदन को राहत देती है।

अलाव की खासियत है सभी को जुटाने की। अपने इर्द-गिर्द लोगों का घेरा जमाकर नए रिश्ते पकाने की। इसकी आग में सारे भेदभाव जल जाते हैं। करीब लाती है इसकी आग, जोड़ती है। लालच से भी भरपूर है अलाव। जितना साथ मिल जाए, उतना कम। न यह किसी को भगाता है और न कोई भागना चाहता है। आग की तरह इसका भी कोई अंत, कोई शुरुआत नहीं। जिसे जहां से और जैसे अलाव की दोस्ती मिली, वह वहीं से खुश। इसकी आग न अकेली लकड़ी से जलती है और न वह किसी को अकेला रहने देती है। उसके पास आने के लिए किसी इजाजत की जरूरत नहीं। सर्दी में गठरी बने लोग गर्माहट भरी उम्मीद में अपने आप आ जाते हैं उसके पास। दुनिया के हर कोने में, हर संस्कृति में मौजूद है अलाव। भारत में यह लोहड़ी और मकर संक्रांति के साथ फसल के जश्न का मौका देता है, तो पश्चिम में कैम्प फायर के पास बिताई गई रातों की यादें हमेशा के लिए अनमोल पल बन जाती हैं।

इतनी कीमती चीज है अलाव, लेकिन इसके लिए चाहिए क्या? बस कुछ सूखी लकड़ियां, सूखे पत्ते और चिंगारी! एक बड़े मकसद की इससे ज्यादा सादी शुरुआत नहीं देखी होगी कहीं। जीवन में भी कुछ बड़ा हासिल करने के लिए यही चाहिए- संघर्ष का हौसला, हिम्मत और सहयोग। अलाव की तरह जीवन की सफलता भी छिपी है साझेदारी में। जब लोग एक-दूसरे से जुड़ेंगे तो कोई भी प्रयास ठंडा और निरर्थक नहीं रह जाएगा। अलाव में अपना कुछ नहीं। जोड़-बटोरकर वह आग जलाए हुए है। बुझेगा, लेकिन फिर जलने के लिए। आग कभी स्थिर नहीं होती उसकी। वह सुलगती है, जलती है, तेज होती है और मद्धम पड़ती है। लेकिन, किसी भी वक्त अपने भीतर की चिंगारी को खामोश नहीं होने देती। जिंदगी का सफर भी ऐसा ही है कुछ, उतार-चढ़ाव से भरा। कभी निराशा का धुआं बिल्कुल अंधा बना देता है और कभी सफलता की लौ अपनी चमक के आगे कुछ देखने नहीं देती।

# आज का राशिफल

### मेष

आज बहुत सावधानी से रहने की सलाह है। ऑफिस में किसी बड़े अधिकारी से अनबन हो सकती है और आपको नुकसान हो सकता है। दिन मिश्रित फल देने वाला है और आपको नुकसान हो सकता है। क्रोध पर नियंत्रण रखें तो आपको लाभ होगा। नए संबंधों से आपका भाग्य बनेगा और आपको धन के मामले में लाभ होगा।

### वृष

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपको अनावश्यक अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। सरकारी नौकर हैं तो वरिष्ठ अधिकारी से साथ आपका विवाद हो सकता है। शाम के समय आपके संबंधों में लाभ होगा और आपको कहीं परिवार के लोगों के साथ यात्रा पर जाना पड़ सकता है। नई योजना की तरफ ध्यान दें।

### मिथुन

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी तरक्की के योग हैं। दिन के पूर्वार्ध में छुटपुट लाभ होने की संभावना है। आपको नौकरी व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे। कोई भी व्यवसाय छोटा बड़ा नहीं होता, एक बार अनुभव हो जाए तो आपको तरक्की होगी।

### कर्क

आज लाभ होगा। अपने आप में ही मस्त रहेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना की ओर ध्यान न देकर अपना काम करते रहें। आगे चलकर सफलता आपके कदम चूमेगी। आप अपने सामाजिक क्षेत्र में मेल-जोल बढ़ाने में कामयाब होंगे। लोग आपकी बात को मानेंगे।

### सिंह

आज लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आपका भाग्य साथ देगा और कारोबार में आपकी किस्मत चमकेगी। किसी मामले में फालतू चर्चा करने से बचें और हर प्रकार के विवाद से बचें। अनावश्यक चिंताओं से बचें और अपने काम पर फोकस करें।

### कन्या

आज लाभ होगा और आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी। पारिवारिक मंगल कार्य की खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें। घर गृहस्थ की मामले सुलझ जाएंगे। राजकीय मदद भी मिलेगी, सूर्यास्त के समय अचानक लाभ होने के योग हैं।

### तुला

आज आपके पद और अधिकार में वृद्धि होगी। आपके सम्मान में वृद्धि होगी। समस्याओं के समायोचित समाधान न मिलने से मानसिक अशान्ति रहेगी। दूर-समीप का यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित हो सकता है। व्यवसायिक मामलों में लाभ होगा और कारोबार में आपकी योजनाएं सफल होंगी।

### वृश्चिक

आज आपको परिवार के लोगों से हर प्रकार की मदद प्राप्त होगी और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आपकी अधिकारी वर्ग के लोगों से लाभ होगा। अच्छी साठगांठ बनेगी। किसी सरकारी मामले में आपको सम्मान की प्राप्ति होगी। निराशाजनक विचारों से बचें।

### धनु

आज करियर के मामले में लाभ होगा। किसी विशेष घटनाक्रम के मामले में लाभ और संपत्ति प्राप्त होगी। आज आपका विश्वास धर्म एवं अध्यात्म में बढ़ेगा। रोजमर्रा के काम में लापरवाही न बरतें। नए संपर्क के मामले में लाभ होगा और योजनाएं सफल होंगी। आपके धन में वृद्धि होगी और कारोबार में लाभ होगा।

### मकर

आज सम्मान में वृद्धि होने के योग हैं। कार्यक्षेत्र में अपने से वरिष्ठ अधिकारियों से अनबन हो सकती है। पराक्रम में वृद्धि होगी। शत्रुओं का मनोबल टूटेगा। दिन के उत्तरार्द्ध में अचानक अतिथियों के आगमन से व्यय भार बढ़ेगा। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और कारोबार में सफलता प्राप्त होगा।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके विचारों की सराहना होगी। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें। परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, लेकिन खुद को ऊर्जावान बनाए रखने के लिए व्यायाम करें।

### मीन

आज आप अपनी योजनाओं को अमल में लाने में सफल रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी। धन लाभ के संकेत हैं। पारिवारिक जीवन में शांति बनी रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, लेकिन दिनचर्या में सुधार लाने का प्रयास करें।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्वांचल को मोदी कैबिनेट का बड़ा तोहफा, रेलवे के जरिए मुंबई तक पहुंच होगी और आसान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रीमंडल ने सोमवार को बड़े फैसले किए। मुंबई से पूर्वांचल क्षेत्र की रेल कनेक्टिविटी को और मजबूत करने के लिए कैबिनेट ने करोड़ों रुपये की परियोजना को मंजूरी दी है। रेलवे की मुंबई से प्रयागराज ट्रंक लाइन पर मनमाड से खंडवा तक चौथी लाइन बनाने और मानिकपुर से प्रयागराज के इरादतगंज तक तीसरी लाइन बिछाने की तीन महत्वाकांक्षी रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी। मंजूर की गई कुल रेलवे लाइन की लंबाई करीब 375 किलोमीटर होगी। इसके निर्माण के लिए कुल 7927 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि मनमाड से भुसावल के बीच 160 किलोमीटर लंबी चौथी लाइन बिछाने का काम किया जाएगा जिस पर 2773 करोड़ रुपये की लागत आएगी। भुसावल से खंडवा तक 131 किलोमीटर की लंबाई में तीसरी एवं चौथी लाइन बिछाई जाएगी जिस पर 3514 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। इसमें भुसावल जंक्शन पर रेल फ्लाईओवर का निर्माण भी शामिल है। इसी तरह मानिकपुर से इरादतगंज तक 84 किलोमीटर की तीसरी लाइन बिछाने पर 1640 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इन नई रेलवे परियोजनाओं से हावड़ा और पूर्वांचाल की मुंबई से कनेक्टिविटी आसान हो जाएगी। अभी इस रूट पर चलने वाली ट्रेनों में होने वाली लेटलतीफी से भी राहत मिलेगी। पूर्वांचल से मुंबई पोर्ट की दूरी भी कम होगी, जिससे किसानों को भी लाभ मिलेगा। इसके अलावा महाराष्ट्र के नासिक अहमदनगर धुले जैसे क्षेत्रों से कृषि उत्पादों का पूर्वांचल में पहुंचना भी आसान हो जाएगा। इससे दोनों क्षेत्रों में विकास को एक नई रफ्तार मिलेगी इस रूट पर लाइनों की संख्या में वृद्धि हो जाने से ट्रेनों की संख्या को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### देश के लिए शहीद हो गए पापा, बेटी की शादी में कन्यादान कराने पहुंचे सीआरपीएफ जवान

**जींद, एजेंसी।** सीआरपीएफ के डीआइजी कोमल सिंह की टीम ने हरियाणा के जींद में शहीद सतीश कुमार की बेटी का कन्यादान किया। इसकी तस्वीरें और वीडियो फुटेज सोशल मीडिया पर वायल हो रहे हैं। इंटरनेट यूजर्स ने इसकी जमकर तारीफ की है और इसे दिल छू लेने वाली पहल बताया है। वीडियो में दिख रहा है कि शहीद की बेटी निशा की शादी में कई सीआरपीएफ जवान मौजूद हैं। दुल्हन और दूल्हा सोफे पर बैठकर अपने शहीद पिता की तस्वीर पकड़े हुए हैं। उनके पीछे खड़े जवान उन्हें आशीर्वाद देते नजर आ रहे हैं। मालूम हो कि सतीश कुमार 20 मार्च 2015 को जम्मू-कश्मीर के कठुआ में शहीद हो गए थे। हरियाणा में जींद जिले के उचाना के छातर गांव से शहीद सतीश कुमार का ताल्लुक था। बीते शनिवार को शहीद की बेटी निशा की शादी हुई। वधू पक्ष की ओर से सीआरपीएफ जवानों ने ही बारात का जोरदार स्वागत किया। सीआरपीएफ अफसर ने पिता का फर्ज निभाते हुए कन्यादान किया और पूरे गांव ने अपनी बेटी को आशीर्वाद देकर विदा किया। शहीद सतीश की बेटी को शादी में अपने पिता की कमी महसूस न हो, इसका पूरा प्रयास रहा। ग्रुप सेंटर सोनीपत से डीआईजी कोमल सिंह, डिप्टी कमांडेंट वेदपाल, अस्सिटेंट कमांडेंट कृष्ण कुमार और अन्य जवान पहुंचे थे। गांव में सुबह ही सीआरपीएफ के अधिकारियों और जवानों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। इन्होंने गांव वालों के साथ मिलकर शादी का पूरा माहौल बना दिया। सीआरपीएफ के डीआइजी कोमल सिंह ने पीटीआई से बातचीत में कहा, निशा हमारे शहीद सतीश की बेटी है। उससे हमारा खून का रिश्ता तो नहीं है मगर वह हमारे परिवार की बेटी है। वह सीआरपीएफ फैमिली का हिस्सा है। हम लोग यहां पर उसका सम्मान बढ़ाने के लिए आए हैं। हम उसे इस बात पर गर्व महसूस कराने आए हैं कि उसके पिता ने सर्वोच्च बलिदान दिया है।

### जींद के खनोरी बॉर्डर पर किसान आंदोलन : पुलिस ने रात 3 बजे जगजीत सिंह डल्लेवाल को हिरासत में लिया

**जींद, एजेंसी।** खनोरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन में पुलिस ने रात के समय बड़ी कार्रवाई की। पुलिस बल ने मंगलवार रात करीब 3 बजे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को धरनास्थल से हिरासत में ले लिया। डल्लेवाल आमरण अनशन पर बैठने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद खनोरी बॉर्डर पर किसानों की संख्या बढ़ने लगी। आंदोलन स्थल पर तनाव का माहौल है। सूत्रों के मुताबिक, डल्लेवाल ने अनशन पर बैठने से पहले अपनी संपत्ति, जमीन और जायदाद अपने बेटे, बहू और पोते के नाम कर दी थी। पुलिस बल ने आधी रात के बाद यह कार्रवाई की, जब धरना स्थल पर अपेक्षाकृत कम संख्या में किसान मौजूद थे। किसान नेताओं ने पुलिस की इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की है और इसे आंदोलन को दबाने की कोशिश करार दिया है। जगजीत सिंह डल्लेवाल की हिरासत के बाद आंदोलन स्थल पर किसानों का आक्रोश बढ़ रहा है। बड़ी संख्या में किसान खनोरी बॉर्डर पर जुटने लगे हैं। किसान संगठनों ने डल्लेवाल को रिहा करने की मांग की है और सरकार पर आरोप लगाया है कि वह आंदोलन को खत्म करने के लिए दबाव बना रही है।

# बिगड़ने वाला है मौसम, बढ़ती ठंड के बीच बारिश के आसार; अलर्ट जारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मौसम तेजी से करवट ले रहा है। उत्तर भारत समेत देश के कई हिस्सों में ठंड बढ़ती जा रही है। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली का भी कुछ ऐसा ही हाल है। मंगलवार सुबह दिल्ली में धुंध की एक परत छाई रही। सीपीसीबी के अनुसार कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक बहुत खराब श्रेणी में बना हुआ है। दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सोमवार को कुछ सुधार देखा गया था और यह 'खराब' श्रेणी में दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के ताजा आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इसके अनुसार, सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक 281 दर्ज किया गया, जबकि रविवार को शाम चार बजे यह 318 था। इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 2.7 डिग्री अधिक है। हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले भागों में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम फिर बिगड़ सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य के पांच जिलों लाहौल-स्पीति, चंबा, कांगड़ा, किन्नौर और कुल्लू के ऊंचे इलाकों में 30 नवंबर को हल्की बारिश-हिमपात का पूर्वानुमान है। अगले 7 दिनों के दौरान राज्य के बाकी हिस्सों में मुख्य रूप से शुष्क मौसम रहेगा। उधर, बीते दिनों हुई बर्फबारी से जनजातीय क्षेत्रों में शीतलहर बढ़ गई है। राज्य के चार स्थानों का न्यूनतम तापमान माइनस में चल रहा है। अगले 2 दिनों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। उसके बाद के तीन दिनों में राज्य के कुछ हिस्सों में लगभग दो डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। शिमला में न्यूनतम तापमान 9.0, सुंदरनगर 5.5, भुंतर 3.5, कल्पा 0.6, धर्मशाला 10.0, ऊना 6.2, नाहन 10.1 और केलांग -4.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

**कश्मीर में हिमपात ने बढ़ाई ठंड :** जम्मू-कश्मीर स्थित कश्मीर घाटी के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के बाद ठंड बढ़ गई है। गुलमर्ग और पहलगाम सबसे ठंडे स्थान बन गए हैं। मौसम अधिकारियों ने बताया कि गुलमर्ग का न्यूनतम तापमान पिछली रात के शून्य से 1.5 डिग्री सेल्सियस नीचे की तुलना में सोमवार को शून्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस नीचे तक गिर गया। एक दिन पहले हुई बर्फबारी के बाद रविवार और सोमवार की दरम्यानी रात को गुलमर्ग के स्की रिसॉर्ट में न्यूनतम तापमान उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के मैदानी इलाकों के लिए सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा, जबकि पिछली रात यह 0.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पर्यटन स्थल पर सोमवार को यह सामान्य से 0.2 डिग्री सेल्सियस कम रहा। विभाग ने बताया कि 30 नवंबर की शाम तक मौसम आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना है। साथ ही, 1 दिसंबर को एक और पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना है, जिससे ऊंचाई वाले इलाकों और छिटपुट जगहों पर हल्की बारिश और हल्की बर्फबारी हो सकती है। इसके बाद 5 दिसंबर तक मौसम आमतौर पर शुष्क रहेगा।

**आंध्र प्रदेश में 26 से 29 नवंबर तक भारी बारिश :** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में 26 से 29 नवंबर तक चार दिनों तक भारी बारिश का अनुमान जताया है। इससे ठंड का प्रकोप और बढ़ जाएगा आईएमडी ने बताया कि बंगाल की खाड़ी के समुद्र में एक अवदाब (डिप्रेशन) के प्रभाव के कारण भारी बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग ने मंगलवार से शुक्रवार तक दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान जताया है। इसके अलावा 29 नवंबर को उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यनम क्षेत्र में भी बारिश के आसार हैं। आईएमडी ने विज्ञप्ति में कहा, 'रविवार को बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी भाग और समीपवर्ती पूर्वी भूमध्यरेखीय हिंद महासागर के मध्य क्षेत्रों पर बना निम्न दबाव का क्षेत्र पश्चिम से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ गया और तीव्र होकर अवदाब में बदल गया है।' आईएमडी ने भारी बारिश के अलावा 27 से 29 नवंबर तक राज्यभर में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बौछारें पड़ने का भी अनुमान जताया है और यह एससीएपी और रायलसीमा तक सीमित रहेगी।

## आईपीएस रश्मि शुक्ला की महाराष्ट्र के डीजीपी पद पर वापसी, चुनाव से पहले हुआ था तबादला



**मुंबई, एजेंसी।** महिला आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला को महाराष्ट्र का पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति ऐसे समय हुई है जब कांग्रेस ने उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। महाराष्ट्र कांग्रेस ने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। साथ ही, चुनाव आयोग से आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने की मांग की थी। कांग्रेस प्रवक्ता अतुल लोंढे ने सोमवार को चुनाव आयोग से मांग रखी कि वह उल्लंघन का गंभीरता से संज्ञान ले और शुक्ला के खिलाफ तत्काल कार्रवाई शुरू करे। अतुल लोंढे ने दावा किया कि रश्मि शुक्ला ने राज्य के गृह मंत्री फडणवीस से उस समय मुलाकात की, जब आदर्श आचार संहिता लागू थी। आरोप है कि शुक्ला ने 23 नवंबर की शाम को फडणवीस से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात की थी, जिस दिन मतों की गिनती हो रही थी। इस महीने की शुरुआत में, निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस समेत अन्य राजनीतिक दलों की शिकायतों के बाद महाराष्ट्र सरकार को पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला का तत्काल प्रभाव से तबादला करने का निर्देश दिया था। निर्वाचन आयोग ने महाराष्ट्र के मुख्य सचिव को शुक्ला का प्रभार कैडर के अगले सबसे सीनियर आईपीएस अधिकारी को सौंपने का निर्देश दिया था। रश्मि शुक्ला पर फोन टैप करने समेत कई गंभीर आरोप कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, 'रश्मि शुक्ला ने राज्य के गृह मंत्री से तब मुलाकात की जब आचार संहिता लागू थी, जो स्पष्ट रूप से इसका उल्लंघन है। निर्वाचन आयोग को इस पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए और उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।' उन्होंने तेलंगाना में इसी तरह की एक घटना का हवाला दिया, जहां एक डीजीपी और एक वरिष्ठ अधिकारी ने चुनाव के दौरान मंत्री से मुलाकात की थी। इसे लेकर चुनाव आयोग ने उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की थी। शुक्ला के खिलाफ पिछले आरोपों का उल्लेख करते हुए लोंढे ने कहा, रश्मि शुक्ला पर विपक्षी नेताओं के फोन टैप करने सहित कई गंभीर आरोप हैं।

## स्कूल में बच्चे ने एक साथ खा लीं तीन पूरियां, दम घुटने से हो गई मौत

**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद से एक हैरान करने वाला और दर्दनाक मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि यहां 11 साल के एक बच्चे की तीन पूरियां एक साथ खाने की वजह से मौत हो गई। सोमवार को स्कूल में दोपहर के भोजन के दौरान छात्र ने एक साथ तीन पूरियां खा लीं और इसके बाद उसका दम घुटने लगा। पुलिस के मुताबिक मृतक छात्र कक्षा 6 में पढ़ता था। छात्र के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उन्हें स्कूल से फोन आया जिसमें बताया गया कि उनके बेटे ने एक साथ 'तीन से अधिक पूड़ियां' खा लीं जिससे उसकी सांस फूलने लगी। छठी कक्षा के छात्र को स्कूल के कर्मचारी पास के एक निजी अस्पताल में ले गए जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए एक निजी सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वहां चिकित्सकों ने उसके स्वास्थ्य की जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हैदराबाद में ही कुछ दिन पहले मोमोज खाने से 33 साल की एक महिला की मौत हो गई थी। ठेले पर जिन लोगों ने मोमोज खाया था, वे सभी बीमार हो गए थे। जांच में पाया गया था कि दुकानदार बिना फूड सेफ्टी लाइसेंस के ही काम कर रहा था और बेहद गंदगी में खाना तैयार किया जाता था। मोमोज में इस्तेमाल होने वाला आटा बिना पैकिंग के ही रेफ्रिजरेटर में रखा गयाथा। इसके अलावा रेफ्रिजरेटर का दरवाजा भी टूटा हुआ था। स्टॉल लगाने वाले दो लोगों को हिरासत में ले लिया गया था। दोनों के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया था।

# परिवार के 32 वोट भी नहीं मिले, ईवीएम के खिलाफ आंदोलन की तैयारी में शरद पवार की एनसीपी



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस, एनसीपी और उद्धव सेना के गठजोड़ को करारी हार मिली है। नतीजा आए तीन दिन हो गए हैं, लेकिन अब तक महाविकास अघाड़ी के नेता इस हार को स्वीकार नहीं कर पाए हैं। संजय राउत तो लगातार ईवीएम पर सवाल उठा रहे हैं और उनका कहना है कि बैलेट पेपर से चुनाव कराने चाहिए। इस बीच शरद पवार की एनसीपी के सीनियर नेता जितेंद्र अव्हाड ने भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि हम अपनी हार के लिए कोई एक कारण नहीं मान सकते। यही नहीं अव्हाड ने कहा कि मुझे तो यकीन नहीं होता कि लड़की बहिन योजना का इतना असर हो सकता है।


उन्होंने कहा, कोई एक कारण सामने नहीं आ रहा है। चुनाव के बाद कुछ बदला नहीं था। बेरोजगारी और महंगाई में इजाफा हुआ है। लड़कि बहिन योजना का कोई इतना असर नहीं होता है। जैसे चंद्रपुर की सीट आप देखेंगे तो वह हमने 2 लाख 40 हजार के अंतर से जीती थी। अब आप देखिए कि वह 2 लाख 40 हजार तो गए ही उसके ऊपर 1 लाख वोट और कैसे चले गए। ऐसा नहीं हो सकता। यहां तक कि जीते हुए विधायकों ने भी कहा कि साहब हम जीतकर आए हैं, लेकिन कहीं न कहीं ईवीएम का बड़ा मसला है। इसके खिलाफ पूरे राज्य में आंदोलन खड़ा हो सकता है। अभी कई गांव खड़े हुए हैं। वहां लोगों का कहना है कि जब हमने वोट ही नहीं दिया तो आए कहां से। अव्हाड ने कहा, एक परिवार में 32 वोट हैं। उन सभी लोगों ने अपने घर के कैंडिडेट को वोट दिया है। फिर भी उसे जीरो वोट दिखाया है। ऐसा कैसे हो सकता है? इससे पहले संजय राउत ने मांग उठाई थी कि दोबारा चुनाव होने चाहिए और वोटिंग बैलेट पेपर से कराई जाए। राउत ने कहा, 'ईवीएम को लेकर हमें करीब 450 शिकायतें मिलीं। बार-बार आपत्ति जताए जाने के बावजूद इन मामलों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। हम कैसे कह सकते हैं कि ये चुनाव निष्पक्ष तरीके से हुए? इसलिए मेरी मांग है कि नतीजों को रद्द किया जाए और दोबारा चुनाव मत पत्रों के जरिए कराए जाएं।' संजय राउत बोले- कैंडिडेट के परिवार में 65 वोट, पर मिले सिर्फ 4 उन्होंने कहा कि नासिक में एक उम्मीदवार को कथित तौर पर केवल चार वोट मिले, जबकि उसके परिवार के 65 वोट थे। उन्होंने कहा कि डोंबिवली में ईवीएम की गिनती में विसंगतियां पाई गईं और चुनाव अधिकारियों ने आपत्तियों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया। शिवसेना यूबीटी के नेता ने कुछ उम्मीदवारों की भारी जीत की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाते हुए कहा, 'उन्होंने ऐसा कौन सा क्रांतिकारी काम किया जो उन्हें 1.5 लाख से अधिक वोट मिले? यहां तक ??कि हाल में पार्टी बदलने वाले नेता भी विधायक बन गए। इससे संदेह पैदा होता है।

# एक महीने डिजिटल अरेस्ट में रही 77 साल की बुजुर्ग, ठगों ने उड़ा दिए 3.8 करोड़ रुपये



**मुंबई, एजेंसी।** डिजिटल अरेस्ट का एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है. मुंबई की एक बुजुर्ग महिला को झूठे मनी लॉन्ड्रिंग केस का डर दिखाकर एक महीने डिजिटल अरेस्ट में रखा गया। इस दौरान उससे 3.8 करोड़ रुपये ठगों ने अपने अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए। रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण मुंबई की रहने वाली 77 साल की महिला अपने रिटायर्ड पति के साथ घर पर ही रहती थीं। उनका बेटा और बेटी विदेश में रहते हैं। पुलिस ने बताया कि महिला के पास पहले वॉट्सऐप कॉल आया। कॉल करने वाले ने बताया कि उन्होंने कोई पार्सल ताइवान भेजा है जिसे रोक लिया गया है। इसमें पांच पासपोर्ट, एक बैंक कार्ड, 4 किलोग्राम के कपड़े और एमडीएमए ड्रग्स पाई गई है। महिला ने बताया कि उन्होंने कई पार्सल नहीं भेजा है। इसपर ठगों ने कहा कि उनका आधार कार्ड पार्सल के साथ लिंक किया गया है। ऐसे में मुंबई पुलिस के अधिकारी से बात करनी होगी। इसके बाद कॉल एक नकली पुलिस अधिकारी को ट्रांसफर की गई। उसने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग के मामले से आधार कार्ड लिंक है। महिला ने जब इन सब आरोपों को खारिज किया तो ठगों ने उनसे स्काइप ऐप डाउनलोड करने को कहा। उसने कहा कि पुलिस के आला अधिकारी उनसे बात करना चाहते हैं। इसके बाद नकली आईपीएस अधिकारी आनंत राणा ने उनसे बैंक की डीटेल मांगी। महिला से यह भी कहा गया कि वह फोन ना काटे और ना ही इस मामले में किसी को कोई जानकारी दे। आनंद राणा नाम के ठग ने कहा कि वह अपना सारा पैसा एक बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर दें। इसकी डीटेल चेक की जाएगी और फिर नकदी बैंक में वापस कर दी जाएगी। आरोपियों ने मुंबई क्राइम ब्रांच का एक जाली नोटिस भी भेजा। इसमें पुलिस का लोगो लगा हुआ था। आरोपियों ने महिला से कहा कि वह 24 घंटे वीडियो कॉल ऑन रखें। उन्होंने अपने घर के कंप्यूटर पर वीडियो कॉल ऑन कर दी। पुलिस ने बताया कि अगर उनकी कॉल डिसकनेक्ट हो जाती थी तो आरोपी फिर से फोन करते थे और उनकी लोकेशन चेक करते थे।

## 26/11 की 16वीं बरसी , अमित शाह ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों की आज 16वीं बरसी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, साल 2008 में आज ही के दिन मुंबई में कायर आतंकवादियों ने निर्दोष लोगों की हत्या कर मानवता को शर्मसार किया था। 26/11 के मुंबई हमलों में आतंकियों से लड़ते हुए वीरगति को प्राप्त होने वाले जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और अपना जीवन गंवाने वाले लोगों को नमन करता हूं। उन्होंने आगे लिखा, आतंकवाद समूची मानव सभ्यता के लिए कलंक है। आतंकवाद के खिलाफ मोदी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति को पूरे विश्व ने सराहा है और आज भारत आतंक विरोधी पहलों में विश्व में अग्रणी बना है।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक्स पर लिखा, 26/11 मुंबई आतंकी हमले में असमय काल कवलित हुए नागरिकों एवं मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले मां भारती के वीर सपूतों को कोटि-कोटि नमन। आपका अदम्य साहस और बलिदान हम सभी को राष्ट्र की सेवा और सुरक्षा के प्रति सदा प्रेरित करता रहेगा। कांग्रेस ने भी इस अवसर पर अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हम 26/11 के भीषण मुंबई आतंकी हमले के सभी शहीदों और पीड़ितों को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिसने 2008 में पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। हम हमेशा दुश्मनों के सामने मजबूती से खड़े रहे हैं और हम अपने देश पर निर्देशित सभी प्रकार के आतंक और खतरों से लड़ने की प्रतिज्ञा करते हैं।

बता दें, 26/11 के हमले ने मुंबई को उस वक्त हिलाकर रख दिया था, जब पाकिस्तान के आतंकवादियों ने मुंबई के प्रमुख स्थानों जैसे ताज होटल, ओबेरॉय ट्राइडेंट होटल, सीएसटी रेलवे स्टेशन और नरीमन हाउस पर हमला किया था। इस हमले में 150 से ज्यादा निर्दोष लोग मारे गए थे और सैकड़ों लोग घायल हुए थे। भारतीय सुरक्षाबलों और पुलिस ने अपनी जान की बाजी लगाकर हमलावरों को मार गिराया था। इसमें से एक अजमल कसाब को जिंदा पकड़ने में सुरक्षाबल कामयाब रहे थे। जिसे लंबे ट्रायल के बाद 21 नवंबर 2012 में फांसी की सजा दी गई।

# महाराणा प्रताप के वंशजों में मेवाड़ की गद्दी के लिए टकराव क्यों?



**मेवाड़, एजेंसी।** राजस्थान में महाराणा प्रताप के वंशजों के बीच टकराव ने हिंसक रूप ले लिया है। उदयपुर में राजपरिवार के बड़े बेटे महेंद्र सिंह मेवाड़ के बेटे विश्वराज सिंह मेवाड़ को गद्दी पर बैठाने की परंपरा निभाई गई। दूसरी तरफ, महेंद्र सिंह के छोटे भाई अरविंद सिंह मेवाड़ ने इस रस्म को ग़ैरक़ानूनी करार दिया है। उनका कहना है कि गद्दी पर अधिकार उनके बेटे लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ का है। विश्वराज सिंह मेवाड़ का अपने चाचा अरविंद सिंह मेवाड़ के साथ कानूनी विवाद के बीच राजतिलक हुआ है। विवाद पहले भी हुए है, लेकिन इस बार विवाद ने हिंसक रूप ले लिया है। उदयपुर की गद्दी को लेकर विवाद काफ़ी पुराना है। बड़े बेटे महेंद्र सिंह मेवाड़ और छोटे बेटे अरविंद सिंह मेवाड़ के बीच इसे लेकर कई बार टकराव भी हो चुका है। कई अदालतों में यह मामला चल रहा है। हालांकि अभी मेवाड़ चैरिटेबल ट्रस्ट के ज़रिए छोटे बेटे अरविंद सिंह मेवाड़ ही उदयपुर राज घराने की गद्दी को संभालते हैं और सिटी पैलेस में रहते हैं। मगर आसपास की रियासतों में बड़े बेटे यानी महेंद्र सिंह मेवाड़ का प्रभाव ज़्यादा है। विश्वराज सिंह के पिता महेंद्र सिंह मेवाड़ का हाल ही में निधन गया है।

विश्वराज सिंह मेवाड़ राजतिलक होने के बाद अपने समर्थकों के साथ उदयपुर के जगदीश चौक के बाहर मौजूद हैं। परंपरा के तहत धूणी दर्शन के लिए उदयपुर पहुंचे हैं, जहां पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रास्ता रोक रखा है। मौके पर भारी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात हैं। विश्वराज मेवाड़ और उनके समर्थक धूणी के दर्शन करने की बात पर अड़े हैं, जबकि सिटी पैलेस के लोग किसी को भी अंदर नहीं जाने दे रहे हैं। प्रशासन दोनों पक्षों में विवाद शांत कराने के लिए समझाइश कर रहा है। इस बीच विश्वराज सिंह मेवाड़ और रणधीर सिंह भींडर कार से उतरकर बैरिकेडिंग से आगे सिटी पैलेस वाली रोड की तरफ पैदल निकले। कई घंटे से विश्वराज सिंह मेवाड़ अपनी कार में बैठे हुए थे। वहीं, उनके समर्थक लगातार नारेबाजी कर रहे हैं. फिलहाल, जिला प्रशासन द्वारा दोनों के बीच वार्तालाप का दौर जारी है, लेकिन अभी तक सहमति नहीं बन पाई है। वहीं, सिटी पैलेस के बाहर एकाएक जब समर्थकों का हुजूम गेट की ओर बढ़ा तो पैलेस के अंदर से पत्थरबाजी शुरू हो गई। वहीं भीड़ और पुलिस प्रशासन थोड़ी देर के लिए सभी वहां से भागने लगे। हालांकि इस दौरान तीन लोगों को पत्थर से गहरी चोट आई है। जो लोग घायल हुए हैं उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहीं पत्थरबाजी के बाद बड़ी पोल से लेकर धूणी और जनाना महल तक के क्षेत्र के लिए कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए तुरंत रिसीवर नियुक्त किया गया है। बता दें सोमवार को विश्वराज सिंह मेवाड़ का राजतिलक हुआ। विश्व विख्यात ऐतिहासिक चित्तौड़गढ़ दुर्ग स्थित फतह प्रकाश महल में उनके राजतिलक की रस्म निभाई गई। 21 तोपों की सलामी के साथ सलूंबर रावत देवव्रत सिंह ने अपना अंगूठा काटकर अपने खून से तिलक लगाया और विश्वराज सिंह को गद्दी पर बिठाया।



## गौतम गंभीर 'निजी आपात स्थिति के कारण स्वदेश लौटे

**पर्थ, एजेंसी।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर 'निजी आपात स्थिति के कारण स्वदेश अपने परिवार के पास लौट आए हैं और छह दिसंबर से एडीलेड में होने वाले गुलाबी गेंद के टेस्ट से पहले उनके टीम से जुड़ने की संभावना नहीं है। गंभीर कैनबरा में 30 नवंबर से होने वाले दो दिवसीय दिन रात के अभ्यास मैच में भी नहीं होंगे।

बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया, 'वह मंगलवार की सुबह भारत के लिए रवाना हो गए। यह एक निजी इमरजेंसी थी। वह एडीलेड में दूसरे टेस्ट से पूर्व लौट आएंगे। भारतीय टीम 27 नवंबर को कैनबरा रवाना होगा जहां पूरी टीम ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीस द्वारा उनके सम्मान में दिये जाने वाले समारोह में भाग लेगी। दो दिवसीय मैच दिन रात के दूसरे टेस्ट की तैयारी के लिए काफी अहम है। इसके लिये गुलाबी कूकाबूरा गेंद का इस्तेमाल होगा।

प्रधानमंत्री एकादश की कप्तानी हरफनमौला जैक एडवडर्स करेंगे। टीम में कई युवा खिलाड़ियों के साथ स्कॉट बोलैंड और मैथ्यू रेनशॉ जैसे अनुभवी खिलाड़ी भी हैं। मैच के नियम दोनों टीमें तय करेंगे और ऐसी उम्मीद है कि सभी को बल्लेबाजी और गेंदबाजी का मौका मिलेगा क्योंकि इस मैच को आधिकारिक दर्जा हासिल नहीं है।

## सूर्यवंशी को निखरने के लिए राजस्थान रॉयल्स में अच्छा माहौल मिलेगा: राहुल द्रविड़



**जेद्दा, एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र में उनकी टीम 13 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी को निखरने के लिए अच्छा माहौल दे सकती है। बिहार के समस्तीपुर जिले के आठवीं कक्षा के छात्र सूर्यवंशी को रॉयल्स ने 1.10 करोड़ रुपए में खरीदा और वह आईपीएल करार पाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने।

द्रविड़ ने आईपीएल द्वारा जारी वीडियो में कहा, 'मुझे लगता है कि उसमें अच्छा कौशल है और हमें लगा कि उसके विकास के लिए हम अच्छा माहौल दे सकते हैं। वह हमारे ट्रायल के लिए आया था और उसे देखकर हमें बहुत खुशी हुई। नीलामी में सूर्यवंशी का बेसप्राइज 30 लाख रुपए था और दिल्ली कैपिटल्स ने पहली बोली लगाई। राजस्थान ने दिल्ली को पछाड़कर इस खिलाड़ी को खरीदा।

सूर्यवंशी ने हाल ही में चेन्नई में आस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम के खिलाफ भारत अंडर 19 टीम के लिये युवा टेस्ट में शतक जमाया था और वह यह श्रेय हासिल करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी बने। सूर्यवंशी ने उस मैच में 62 गेंद में 104 रन बनाए थे। उन्होंने राजस्थान के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शनिवार को बिहार के लिए टी20 क्रिकेट में पदार्पण करके छह गेंद में 13 रन बनाए। जूनियर सर्किट पर चर्चा में रहे सूर्यवंशी ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कोई बड़ी पारी नहीं खेली है। उन्होंने पांच मैचों में 10 की औसत से रन बनाए हैं। बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले सूर्यवंशी ने मुंबई के खिलाफ 2023-24 रणजी ट्रॉफी सत्र में पदार्पण किया जब आधिकारिक रिकॉर्ड में उनकी उम्र 12 वर्ष 284 दिन थी जिससे वह टूर्नामेंट के इतिहास के सबसे युवा खिलाड़ी बने। उन्होंने 12 वर्ष की उम्र में बिहार के लिये वीनू मांकड़ ट्रॉफी खेलकर पांच मैचों में 400 के करीब रन बनाये थे।

डेविस कपः

# सिनर ने इटली को लगातार दूसरी बार चैंपियन बनाया

**फाइनल में नीदरलैंड को 2-0 से हराया**



**मलागा (स्पेन), एजेंसी।** शानदार फॉर्म में चल रहे विश्व नंबर एक यानिक सिनर की बदौलत इटली ने नीदरलैंड को 2-0 से हराकर लगातार दूसरी बार डेविस कप जीत लिया। इटली लगभग 25 वर्ष तक डेविस कप खिताब से दूर रहा, लेकिन सिनर के आते ही उसे लगातार दूसरी बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल हुआ है। सिनर ने टैलन ग्रीकस्पोर को सीधे सेटों में 7-6 (2), 6-2 से हराकर इटली को विजेता बनाया।

### बेरेटिनी ने जीता पहला एकल

इससे पहले मैटियो बेरेटिनी ने राफेल नडाल को उनके अंतिम मुकाबले में हराने वाले बोटिक वान डि जेंडशुल्प को 6-4, 6-2 से हराकर इटली को 1-0 की बढ़त दिलाई थी। सिनर ने जीत के बाद कहा, गत विजेता होकर एक बार फिर चैंपियन बनना, हमारे लिए इससे अच्छी भावना और कोई नहीं हो सकती है। पलासियो डि डिपोर्टेस जोस मारिया मार्टिन कारपेना में बैठे 9 हजार दो सौ दर्शकों में इटली को जबरदस्त समर्थन मिला। इटली के समर्थकों ने मेगा फोन और ड्रमों की थाप पर अपनी टीम का हौसला बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। चेक गणराज्य की ओर से 2012 और 2013 में लगातार दो बार डेविस कप का खिताब जीतने के बाद इटली दो बार चैंपियन बनने वाली पहली टीम है।

### पूरी टीम ने मनाया जश्न

बीते बुधवार को इटली की महिला टीम ने स्लोवाकिया को हराकर बिली जीन किंग कप का खिताब जीता था। इटली टीम के कप्तान फिलिपो वोलांद्री ने कहा- पुरुष टीम ने जीत के साथ हमें और ज्यादा गौरवान्वित किया है। सिनर का यहां डेविस कप में रिकॉर्ड 4-0 रहा। इसमें बेरेटिनी के साथ युगल में अर्जेंटीना के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में हासिल की गई जीत भी शामिल है। सिनर के जीतते ही बेरेटिनी और पूरी टीम कोर्ट पर आ गई और एक दूसरे गले में हाथ डालकर जश्न मनाने लगी। वोलांद्री ने सिनर को उठाकर हवा में लहरा दिया। सिनर ने ग्रीकस्पोर के खिलाफ 15 एस लगाए। एक सप्ताह पूर्व एटीपी फाइनल्स का खिताब जीतने वाले सिनर पिछले 14 मैचों और 26 सेट से नहीं हारे हैं। इस वर्ष उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई और यूएस ओपन का खिताब भी जीता है।

## आईपीएल में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने वैभव सूर्यवंशी



**उम्र धोखाधड़ी के आरोपों के बाद पिता का आया बयान**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) हमेशा से ही ऐसा मंच रहा है, जहां प्रतिभाओं को अवसर मिलते हैं। अब बिहार के 13 वर्षीय क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को सऊदी अरब के जेद्दा में आयोजित मेगा नीलामी में राजस्थान रॉयल्स ने 1.1 करोड़ रुपए में चुना। सूर्यवंशी अब कैश-रिच लीग के इतिहास में साइन किए जाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी (13 वर्ष, 243 दिन) हैं। इसके बाद उनके उम्र धोखाड़ी संबंधी खबरें फैल रही हैं। इस पर सूर्यवंशी के पिता संजीव सूर्यवंशी का बयान सामने आया है।

संजीव ने कहा, जब वह साढ़े आठ साल का था, तब उसने पहली बार बीसीसीआई के बोन टेस्ट के लिए आवेदन किया था। वह पहले ही भारत अंडर-19 खेल चुका है। हमें किसी से डर नहीं है। वह फिर से आयु परीक्षण से गुजर सकता है। समस्तीपुर के रहने वाले वैभव सूर्यवंशी ने इस साल की शुरुआत में मुंबई के खिलाफ अपने प्रथम श्रेणी पदार्पण के बाद से अब तक पांच रणजी ट्रॉफी खेलों में भाग लिया है। उन्होंने हाल ही में 23 नवंबर को राजस्थान के खिलाफ अपना टी20 डेब्यू भी किया था। इससे पहले वैभव सूर्यवंशी ने भी ट्रायल में भाग लिया था और युवा खिलाड़ी के पिता ने खुलासा किया कि राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर ने उन्हें एक ओवर में 17 रन बनाने की स्थिति दी थी। संजीव ने कहा, राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें नागपुर में ट्रायल के लिए बुलाया था। विक्रम राठौर सर (बल्लेबाजी कोच) ने मैच की स्थिति बताई, जिसमें उन्हें एक ओवर में 17 रन बनाने थे। बिटुवा ने 3 चक्के मारे। ट्रायल में उन्होंने आठ छक्के और चार चौके मारे। वह सिर्फ क्रिकेट खेलना चाहता है और कुछ नहीं। कुछ साल पहले उसे डोरेमोन बहुत पसंद था, लेकिन अब नहीं। संजीव ने कहा, वो अब सिर्फ हमारा बिटुवा नहीं, पूरा बिहार का बिटुवा है। मेरे बेटे ने कड़ी मेहनत की है। 8 साल की उम्र में उसने अंडर-16 डिस्ट्रिक्ट ट्रायल में बेहतरीन प्रदर्शन किया। मैं उसे क्रिकेट कोचिंग के लिए समस्तीपुर ले जाता था और फिर वापस भी ले आता था। सिर्फ निवेश ही नहीं, यह बहुत बड़ा निवेश है। आपको क्या बताया हमने तो अपनी जमीन तक बेच दिया। अभी भी हालात पूरी तरह सुधरे नहीं। वैभव सूर्यवंशी इस समय अंडर-19 एशिया कप के लिए दुबई में हैं। भारत अपना पहला मैच 30 नवंबर को आईसीसी अकादमी ग्राउंड पर पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा।

## एडीलेड टेस्ट के लिए टीम में बदलाव नहीं करेगा ऑस्ट्रेलिया: मैकडोनाल्ड



**पर्थ, एजेंसी।** आस्ट्रेलिया के कोच और चयनकर्ता एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा है कि पहले टेस्ट में भारत के हाथों 295 रन से हारने वाली टीम में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा हालांकि हरमनमौला मिचेल मार्श की फिटनेस को लेकर चिंताएं हैं। मैकडोनाल्ड ने बताया कि उनकी टीम छह दिसंबर से शुरू हो रहे दिन रात के टेस्ट के लिये पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से पहले ही एडीलेड पहुंचेंगी ताकि अतिरिक्त अभ्यास कर सके। उन्होंने कहा, 'पर्थ टेस्ट के लिए जो लोग चेंज रूम में थे, वही एडीलेड में भी होंगे। बदलाव करने पर हमेशा विचार होता है लेकिन हालात के अनुसार टीम चुनी जाती है। सितंबर में इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे के बाद से फिटनेस समस्या से जूझ रहे मार्श ने पहले टेस्ट में सिर्फ 17 ओवर डाले और तीन विकेट लिए। मैकडोनाल्ड ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि पहले टेस्ट में उसका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था। हमें उसकी फिटनेस पर नजर रखनी होगी।

पिछली दस टेस्ट पारियों में 13.66 की औसत से ही रन बना सके मार्नस लाबुशेन का बचाव करते हुए उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों के करियर के उतार-चढ़ाव पर लगातार बात होती रहती है। खराब दौर आते हैं लेकिन वह जल्दी ही फॉर्म में लौटेगा। हमें उसकी क्षमता पर यकीन है। वह ऐसा खिलाड़ी है जिसकी हमें जरूरत है। मैकडोनाल्ड ने करारी हार के बावजूद टीम के मजबूत मनोबल की बात की। उन्होंने कहा, 'हमें इस हार की जिम्मेदारी लेनी होगी। हम कोचों को भी। इस हार के बावजूद टीम का मनोबल ऊंचा है। हमारी रणनीति सही थी लेकिन उस पर अमल नहीं हो सका।

## जिद से हासिल किया मुकाम तपकर निखरी चांदनी अंडर-19 टीम में बिखेरेंगी जलवा, पिता चलाते हैं नाई की दुकान



**लखनऊ, एजेंसी।** राजधानी लखनऊ के बंगलाबाजार में एक छोटा सा सैलून चलाने वाले रामकुमार शर्मा की खुशी का कोई ठिकाना नहीं है। उनकी बेटी चांदनी भारत की अंडर-19 ए टीम के लिए चयनित हुई है। इस खुशी का इजहार करते हुए रामकुमार की आंखों में कुछ घटनाएं बिजली सी कौंध जाती हैं। वह मुस्कुराते हुए कहते हैं, एक दिन वो था जब मैंने बेटी को क्रिकेट खेलने से मना किया था।

चांदनी को शुरू से क्रिकेट पसंद था। हाईस्कूल का आखिरी पेपर देने के बाद तो वह क्रिकेट में दाखिला दिलाने के लिए लड़ गई थी। खाना खाने से इन्कार कर दिया था। हमारे आश्वासन के बाद उसने खाना खाया। अगले दिन नॉर्दर्न रेलवे स्टेडियम में ट्रेनिंग शुरू कर दी।

**भाई ने दिलाई खेलने की परमिशन:** बातचीत में चांदनी ने कहा कि मुझे आज भी याद है जब पापा मेरे क्रिकेट खेलने के खिलाफ थे, तब बड़े भाई ने पापा से बात करके मुझे खेलने की परमिशन दिलाई।

शुरुआत गली क्रिकेट में लड़कों के साथ खेलकर की। बाद में मेरा चयन नॉर्दर्न रेलवे स्टेडियम में हो गया।

यहां प्रियंका शैली मैम के निर्देशन में खेलना शुरू किया। यजुवेंद्र चहल को अपना पसंदीदा खिलाड़ी बातते हुए चांदनी कहती हैं कि चहल की बात ही निराली है। उनको गेंदबाजी करते देखकर काफी कुछ सीखने को मिला।

**क्रिकेट के प्रति प्यार चांदनी को बहुत आगे ले जाएगा: प्रियंका शैली:** बेहद गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाली चांदनी बेहतर प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। स्थानीय क्रिकेट में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन प्रदेश की अंडर-19 क्रिकेट टीम में हो गया। पुणे में 3 से 10 दिसंबर तक होने वाली त्रिकोणीय प्रतियोगिता में इंडिया ए और इंडिया बी के अलावा दक्षिण अफ्रीका की टीम भाग लेगी।

अगर चांदनी इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहती है, तो उसका चयन अगले साल श्रीलंका में जनवरी माह में होने वाले अंडर-19 विश्वकप के लिए हो सकता है।

चेसः

## विश्व चैम्पियनशिप शतरंज में डिंग लिरेन ने गुकेश को पहले मुकाबले में हराया



**सिंगापुर, एजेंसी।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को बाजी के बीच में गैर जरूरी ढंग से जटिल बनाना भारी पड़ा जिससे चीन के मौजूदा चैम्पियन डिंग लिरेन ने विश्व शतरंज चैम्पियनशिप के पहले मुकाबले में सोमवार को उन्हें हरा दिया। विश्व चैम्पियन के सबसे युवा चैलेंजर 18 वर्ष के गुकेश ने शुरूआत में ही राजा के आगे वाले प्यादे को दो घर चलकर गलती कर दी। इस तरह की चाल आक्रामक तेवर जताती है और लिरेन ने इसका जवाब 'फ्रेंच डिफेंस' से दिया। गुकेश ने वही रणनीति अपनाई जो विश्वनाथन आनंद ने 2001 में स्पेन के एलेक्सी शिरोव के खिलाफ पहला विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीतने के समय अपनाई थी। गुकेश को 12वीं चाल तक आधे घंटे का फायदा था लेकिन आठ चाल बाद लिरेन को अतिरक्त मिनट मिले जिससे साबित हो गया कि शुरूआत की अपनी दिक्कत से वह उबर चुके हैं।

## जूनियर एशिया कप: श्रीजेश की अगुवाई में भारतीय हॉकी टीम थाईलैंड के खिलाफ आगाज करने के लिए तैयार



**मस्कट (ओमान), एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को जूनियर एशिया कप 2024 में थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करने से एक दिन से भी कम समय बचा है। महाद्वीपीय टूर्नामेंट में भारत को कोरिया, जापान, चीनी ताइपे और थाईलैंड के साथ पूल ए में रखा गया है, जो 4 दिसंबर 2024 तक चलेगा। इस बार टूर्नामेंट में 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। जबकि, पूल बी में पाकिस्तान, मलेशिया, बांग्लादेश, ओमान और चीन की टीमें हैं। भारत ने 2023, 2015, 2008 और 2004 सहित रिकॉर्ड चार बार यह टूर्नामेंट जीता है। पिछले साल फाइनल में उन्होंने पाकिस्तान को 2-1 से हराकर खिताब जीता था। पिछले साल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी आमिर अली और रोहित अब क्रमशः कप्तान और उप कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करेंगे। थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान के शुरूआती मैच के बाद भारत 28 नवंबर को जापान के खिलाफ मैच खेलेगा। इसके बाद, 30 नवंबर को चीनी ताइपे के खिलाफ मुकाबला होगा। कोरिया के खिलाफ भारत का अंतिम ग्रुप चरण मैच 1 दिसंबर को होगा।

आईपीएल मेगा ऑक्शन

# गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम कंप्लीट

**सिर्फ 21 प्लेयर ही चुने**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल मेगा नीलामी में सिर्फ 21 प्लेयर ही चुने हैं। वह अन्य प्लेयरों पर इसलिए नहीं जा सकी क्योंकि उनके पास 5 लाख ही बचे थे जबकि एक प्लेयर को खरीदने का मिनिमम बेस प्राइस 30 लाख रुपए था।

कोलकाता टीम में क्विंटन डिकॉक की सरप्राइस एंट्री हुई है जबकि वेंकटेश अय्यर को भी रिकॉर्ड 23.75 करोड़ की कीमत मिली है। कोलकाता का तेज गेंदबाजी खेमा खासहोगा। इसमें हर्षित राणा के अलावा उमरान मलिक, एनरिक नोटर्जे और स्पेंसर जॉनसन होंगे। उमरान और एनरिक दोनों 150 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गेंदबाजी कर लेते हैं। आंकड़े: कोलकाता ने 13 भारतीय तो 8 विदेशी प्लेयरों पर दांव लगाया है। उनके पास अब सिर्फ 5 ही लाख रुपए बचे हैं। ऑक्शन के दौरान उन्होंने 50.95 करोड़ रुपए लगा दिए।

**बल्लेबाज**

रिंकू सिंह: 13 करोड़ में रिटेन हुए थे। मध्यक्रम के शानदार बल्लेबाज। टीम को कई जीत दिला चुके

**अंगकृष रघुवंशी:** युवा बल्लेबाज अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप में चमके। 3 करोड़ की बोली मिली।

**अजिंक्य रहाणे:** अनुभवी बल्लेबाज। ढेरों रन बना चुके। डेढ़ करोड़ की बोली लगी।

**मनीष पांडे:** अनुभवी बल्लेबाज, मध्यक्रम में अच्छे हिटर हैं। 75 लाख की बोली लगी।

**विकेटकीपर**

लवनीथ सिसोदिया: रणजी ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन रहा। 30 लाख की बोली लगी।

**क्विंटन डिकॉक:** लखनऊ से केकेआर में आए डिकॉक। सलामी बल्लेबाज। विस्फोटक पारियां खेलते हैं। 3.60 करोड़ की कीमत मिली।

**रहमानउल्लाह गुरबाज:** अफगानिस्तान के बल्लेबाज को दो करोड़ मिले। टीम को अच्छी शुरूआत देते हैं।

ऑलराऊंडर

**सुनील नरेन:** टीम के सबसे अनुभवी प्लेयर 12 करोड़ में रिटेन हुए थे। गेंद के साथ बल्ले से भी धमाल मचाते हैं।

**आंद्रे रसेल:** पर्याप्त अनुभव। विस्फोटक बल्लेबाज। समय मिलने पर विकेट भी निकालकर देते हैं। 12 करोड़ में रिटेन हुए।

**रमनदीप सिंह:** युवा ऑलराऊंडर को 4 करोड़ में रिटेन किया गया। बल्ले से मध्यक्रम में रन बनाते हैं।

**अंकुल रॉय:** अंडर 19 विश्व कप के सितारे पर 40 लाखकी बोली लगी।

रोवमैन पॉवेल: विंडीज टीम के कप्तान पॉवेल टी20 क्रिकेट में शानदार लय में दिखते हैं। डेढ़ करोड़ की बोली लगी।

**वेंकटेश अय्यर:** आईपीएल इतिहास के तीसरे सबसे महंगे प्लेयर। 23.75 करोड़ की बोली लगी। पिछले साल केकेआर की खिताबी जीत में अर्धशतक लगाया था।

**मोईन अली:** इंग्लैंड के ऑलराऊंडर को 2 करोड़ की बोली मिली है।

वरुण चक्रवर्ती:12 करोड़ में केकेआर ने वरुण को रिटेन किया था। पिछले सीजन में अपने गेंदों से कई बल्लेबाजों को छकाया था।

**हर्षित राणा:** युवा गेंदबाज। इस समय ऑस्ट्रेलिया में है। तेज गेंदबाजी से प्रभावित कर रहे। 4 करोड़ में रिटेन हुए हैं।

वैभव अरोड़ा: युवा गेंदबाज पर 1.80 करोड़ की बोली लगी है।

मयंक मार्कंडेय: स्पिनर को 30 लाख की बोली मिली है।

**उमरान मलिक:** कश्मीर के तेज गेंदबाज से हैदराबाद अलग हुई तो केकेआर ने 75 लाख में लपका।

**एनिरक नोर्टजे:** दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज टी 20 क्रिकेट के नामी क्रिकेटर, 6.50 करोड़ रुपए की बोली मिली।

**स्पेंसर जॉनसन:** ऑस्ट्रेलिया के स्पेंसर बिग बैश लीग के अच्छे गेंदबाज। 2.80 करोड़ की बोली मिली।

# विभागीय गतिविधियों का क्रियान्वयन एवं लंबित शिकायतों का निराकरण समय सीमा में सुनिश्चित हो : कलेक्टर

पन्ना

कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा है कि सभी विभागीय अधिकारी विभागीय गतिविधियों का गंभीरतापूर्वक क्रियान्यवन एवं लंबित शिकायतों का निराकरण समय सीमा में प्राथमिकता के साथ करें। इसके अलावा शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ आम जनता तक आसानी से पहुंचाने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए। जिला कलेक्टर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए। इस दौरान समाधान ऑनलाइन के विभागवार चयनित विषयों एवं 100 दिवस से अधिक समयावधि के लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों सहित गत अक्टूबर माह की विभागवार सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की प्रगति और टीएल एवं जनसुनवाई पत्रों तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नागरिक सेवाओं के प्रदायगी की स्थिति की समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के शिकायती प्रकरणों में सटीक व संतुष्टिपूर्ण उचित गुणवत्ता का जवाब दर्ज किया जाए। प्राथमिकता के साथ आगामी दिसम्बर माह में अव्वल रैंकिंग के लिए अभी से सार्थक प्रयास करें। विभागीय कार्यों के साथ नियमित रूप से शिकायती प्रकरणों का निपटारा भी नियमित मॉनीटरिंग कर किया जाए। सभी एल-1 स्तर के अधिकारियों को समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही संपादित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही समस्त एडीएम एवं तहसीलदार को इस सप्ताह में राजस्व विभाग के लंबित प्रकरणों का सजगता के साथ निराकरण कर अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत वर्चुअल जुड़े बीएमओ से लापरवाह एएनएम, सीएचओ और अन्य मैदानी स्वास्थ्य कर्मचारियों के विरूद्ध की गई कार्यवाही की जानकारी भी ली। इस दौरान आयुष्मान कार्ड की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और अधीनस्थ अमले पर नियंत्रण के साथ कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बताया गया कि जिले में 70 प्लस आयु के 42 हजार से अधिक एवं 34 हजार से अधिक संबल हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड प्राथमिकता के साथ बनाए जाना हैं। इस संबंध में शुरूआती तौर पर ग्राम पंचायतों को प्रतिदिन पांच कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इस कार्य में सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक के आवश्यक सहयोग के लिए कहा। आशा एवं एएनएम को भी प्रतिदिन दो-दो कार्ड का टारगेट दिया गया।



कलेक्टर ने कहा कि ग्राम पंचायत भवन में पटवारी, सचिव एवं रोजगार सहायक अपने उपस्थिति के दरम्यान हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा कर पात्र लोगों को लाभांवित करें। इस दौरान कोटवार एवं भृत्य के सहयोग से घर-घर संपर्क कर हितग्राहियों का चिन्हांकन किया जाए।

जिला कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत विभागवार चिन्हित सेवाओं के क्रियान्यवन की समीक्षा कर समय सीमा में नागरिक सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में राजस्व महाअभियान अंतर्गत किसान व नागरिक सेवाओं की अद्यतन प्रगति की समीक्षा भी की गई। बैठक में पेंशन हितग्राहियों की समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की निकायवार जानकारी लेकर समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। शिक्षा विभाग अंतर्गत छात्रवृत्ति प्रकरणों में शीघ्रतापूर्वक समन्वय के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया। जिला कलेक्टर ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत अन्य ग्रामों के चयन हेतु जनपद पंचायत सीईओ को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में न्यायालयीन अवमानना याचिकाओं की समीक्षा भी की गई। साथ ही अधिकारियों को शाला, छात्रावास व स्वास्थ्य केन्द्रों के भ्रमण तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने कहा कि निरीक्षण के लिए नियुक्त अधिकारी प्रति सप्ताह कम से कम एक बार आवंटित संस्था का निरीक्षण जरूर करें और कमियों के बारे में अवगत कराएं। प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के भ्रमण के दौरान बच्चों को मिलने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता भी देखें। इस दौरान धान उपार्जन की तैयारी, केन-बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत मुआवजा वितरण तथा शीघ्र सहमति पत्र प्राप्त करने की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने समस्त एसडीएम को अनिवार्य रूप से 30 नवम्बर तक धान खरीदी केन्द्र की व्यवस्थाओं के सत्यापन के निर्देश दिए। साथ ही चेक लिस्ट अनुसार खरीदी केन्द्र की सुविधा का अवलोकन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा। समस्त तहसीलदारों को टोकन वितरण के माध्यम से पुलिस बल की उपस्थिति में समक्ष में खाद वितरण कराने तथा समन्वय के साथ आवश्यक तैयारी के निर्देश भी दिए। विभिन्न विभागों के अधिकारियों को अनुकम्पा नियुक्ति के संबंध में सहायक ग्रेड-3 एवं भृत्य के अतिरिक्त शासन के नवीन निर्देशों के तहत अन्य तकनीकी एवं कार्यपालिक पद पर नियुक्ति के लिए भी पात्रतानुसार आवेदन प्रेषित करने के लिए कहा। सोलर विलेज के चयन तथा कार्यालय भवनों में सोलर पैनल स्थापना के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी दिए। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यवाही की प्रगति की जानकारी भी ली। साथ ही वित्त विभाग के निर्देश के तहत 2005 से पूर्व नियुक्त शत प्रतिशत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के डीपीएफ ऑनलाइन करने के लिए निर्देशित किया। हम होंगे कामयाब अभियान पखवाड़ा के संबंध में भी आवश्यक चर्चा की गई।

टीएल बैठक में मंगलवार, 26 नवम्बर को संविधान दिवस के मौके पर जिले में होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गई। जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संविधान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। इस दौरान संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन नागरिकों की सहभागिता के साथ होगा। शासकीय कार्यलयों, शैक्षणिक संस्थाओं, ग्राम पंचायत भवन सहित अमृत सरोवर साइट्स में संविधान प्रस्तावना के वाचन तथा हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान की थीम पर वर्ष भर चलने वाले कार्यक्रम व गतिविधियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में युवाओं की सहभागिता और सभी ग्राम पंचायतों में संविधान स्वाभिमान यात्रा के आयोजन तथा डॉ. भीमराब अम्बेडकर के संविधान निर्माण में योगदान का स्मरण करने और संविधान निर्माता डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजली सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन तथा नागरिकों को मूल कर्त्तव्यों की जानकारी से अवगत कराने संबंधी कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए गए।

## सीएम राइज उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया भ्रमण



पवई। सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पवई के नवीन व्यावसायिक शिक्षा के नोडल अधिकारी श्री राकेश श्रीवास्तव एवं प्राचार्य आर के नगायच के निर्देशन में हेल्थ केयर के छात्र छात्राओं ने शिक्षका श्रीमति रूपा सेन, एवं श्री रोहित बहरे के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई का भ्रमण किया। जिसमें डॉ. ऑकित पाण्डेय, डॉ.पीके नायक, डॉ. विजय तिवारी, डॉ. विवेक तिवारी लेब तकनीशियन प्रमोद नगायच के द्वारा स्वास्थ्य केंद्र के विभिन्न वार्डो का भ्रमण कराया गया और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी साझा की गई और मरीजों से जुड़ी बीमारी की जानकारियों को प्रयोगों के प्रमाण के साथ देखा। श्री प्रमोद नगायच ने मलेरिया परजीवी और रक्त समूह की जानकारी दी और उसके परीक्षण का तरीका बताया। इसके पूर्व आज प्राय: संभागीय क्रिकेट प्रतियोगिता हेतु जिला स्तरीय प्रतियोगिता से चयनित सीएम राइज विद्यालय पवई के दो छात्र वेद रैकवार एवं गोपाल सिंह परिहार कक्षा 12 को अंडर 19वर्ग प्रतियोगिता हेतु सागर रवाना किया गया इस अवसर पर उपस्थित क्रीड़ा प्रभारी शिशक श्री मुकेश जायसवाल जीत की शुभकामनाएं दी।

## जिले में किया जा रहा है राजस्व प्रकरणों का निराकरण

पन्ना। शासन के निर्देशानुसार पन्ना जिले में भी राजस्व महाअभियान 3.0 की गतिविधियां जारी हैं। जिला कलेक्टर द्वारा भी अधिकारियों को राजस्व के समस्त प्रकरणों के शत प्रतिशत निराकरण के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। तीसरा राजस्व महाअभियान आगामी 15 दिसम्बर तक संचालित होगा। इस दौरान राजस्व विभाग के राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण सहित राजस्व अभिलेख त्रुटियों को ठीक करने की कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा जिले के नागरिकों एवं किसानों के नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, नक्शे में बटांकन, फॉर्मर रजिस्ट्री, पीएम किसान, स्वामित्व योजना इत्यादि के प्रकरण भी निराकृत किए जाएंगे।

# अब धूल के गुवार से बीमार हो रही गुनौर की जनता?



पन्ना। कमाल का नगर है साहब ..! गुनौर जब चुनाव आता है तो आधे से ज्यादा लोग हिंदू मुस्लिम धर्म जाति संप्रदाय गोत्र मजहब और जाति बिरादरी, रिश्तेदारी में बटकर, चकरघिन्नी बन जाता है यहां का मतदाता और चंद् लालची प्रवृत्ति के आगे अपने बेशकीमती बोट को लुटाकर पांच साल तक सं पीटता रहता है ? कुछ इसी तरह का हाल गुनौर में इन दिनों देखने को मिल रहा है । सक्ररिया से डिघौरा पहुंच मार्ग तक बनने वाली हाइवे सड़क निर्माण में नगर परिषद गुनौर के अंदर से जब घर के बाहर निकलते है, तब सड़क किनारे रहने वाले लोगों को धूल में सन जाने को मजबूर होना पड़ता है । क्योंकि सड़क को उखाड़ दिया अब भाई-भारी डंपरों से उड़ने वाली धूल लोगों का जीना मुहाल कर रही है । हस्र यह है साहब, कि लोगों को दरवाजे बंद करके अपने एक कमरे में दुबककर रह जाते हैं जब डंपरों का तीव्र तीखा हारन बजता है तो लोग समझ जाते हैं कि अब धूल उड़ेगी इसलिए अंदर दुबककर बैठ जाते हैं, अब गुनौर वीडियो को किसी को दमा सांस कई तरह की बीमारियों से बीमार हो रहे हैं मगर ठेकेदार और जिम्मेदार जनप्रतिनिधि प्रशासन मौन है यहां तो यह भी पता नहीं चलता की साहब। कार्यवाही करने वाला कौन है?

# पांच करोड़ की लागत से बनाई जा रहीं सड़क में भारी भ्रष्टाचार

## ठेकेदार द्वारा मनमाने ढंग से की जा रही अनियमितता, विभागीय अधिकारी मौन



पन्ना। लोक निर्माण विभाग पन्ना प्रथम के अन्तर्गत पाठा मुख्य मार्ग से बिलखुरा में जालम सिंह के घर तक 5.70 किलोमीटर लंबाई की सड़क का निर्माण किया जा रहा है। जिसकी लागत पांच करोड़ चौबिस लाख अठारह हजार स्वीकृत की गई थी तथा उक्त सड़क का ठेका संतोष गुप्ता ठेकेदार को दिया गया था। चर्चाओं मे रहने वाले ठेकेदार संतोष गुप्ता नें वहीं कारनामा करके दिखाया जो उनकी कार्य शैली है। सबसे पहले उन्होने आचार संहिता के दौरान बिना विभाग की स्वीकृति आदेश के सड़क तथा पुलियों का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया। जबकी उस दौरान चुनावी आचार संहिता लगी हुई थी। आचार संहिता के दौरान कोई भी नया कार्य प्रारंभ नहीं किया जाता है। वह भी बिना विभाग की स्वीकृति आदेश के लेकिन ठेकेदार संतोष गुप्ता अपने आप को शासन एवं चुनाव आयोग उपर मानते है। इसी लिए उन्होने ने आचार संहिता के दौरान कार्य प्रारंभ कर दिया। वह भी बिना विभाग की स्वीकृति आदेश के, श्री गुप्ता नें बिलखुरा में बनीं प्राचीन तालाब की मेंड़ के उपर से सड़क का निर्माण प्रारंभ कर दिया, जबकी उक्त सड़क तालाब के नीचे से बनाई जानी थी। लेकिन पुराई अधिक होने के चलते ठेकेदार नें तालाब की मेंड़ के उपर से ही सड़क बनाना दी गई तथा तालाब की मिट्टी एवं पत्थरो को खोदकर पूर्व से बनीं तालाब की पिचिंग को भी नष्ट कर दिया गया। जिसके संबंध में स्थानीय लोगो द्वारा शिकायत भी की गई थी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। ठेकेदार द्वारा निर्माण के दौरान मनमाने ढंग से पांच पुलियों का भी घटिया निर्माण किया गया। उक्त पुलिया बेहद घटिया एवं बिना वेश के पाईप डालकर बना दी गई। करोड़ो की राशि से बनने वाली सड़क में व्याप्क भ्रष्टचार किया जा रहा है। उक्त मामले की शिकायत स्थानीय बिलखुरा निवासी चन्द्रभान सिंह तथा अन्य लोगो द्वारा की गई थी, जिसकी जांच कार्य पालन यंत्री द्वारा एसडीओं से कराई गई। लेकिन महिनो बीत जाने के बावजूद भी उक्त जांच विभाग को नहीं मिली है। तत्पश्चात् कार्यपालन यंत्री जेपी सोनकर द्वारा स्वंय पंहुचकर पुलियों का निरीक्षण किया गया।

# संकुल स्तरीय तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न

## शासकीय मनहर कन्या उच्चतर विद्यालय द्वारा आयोजित की गई थी, प्रतियोगिता



पन्ना। मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम भोपाल के शाला उन्यन मद् से प्रदाय की गई राशि से शासकीय मनहर कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पन्ना द्वारा तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें कबड्डी, खो खो, क्रिकेट के संकुल स्तरीय खिलाड़ियां ने भाग लिया। उक्त क्रीडा प्रतियोगिता का समापन क्षेत्रीय विधायक तथा पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सपन्न हुआ। इस दौरान श्री सिंह नें कहा कि बच्चो को खेलों में भाग लेना चाहीए, सभी स्कूली बच्चे किसी न किसी खेल से जुड़े रहे, खेलने से शारिरिक, मानसिक तथा सभी प्रकार का विकास होता है। खेलो से एकता की भावना पैदा होती है। इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमें मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे परमार, उपाध्यक्ष संतोष यादव, नगर पालिका अध्यक्ष मीना पान्डेय, शिक्षा अधिकारी रवी प्रकाश खरे, राजेश मिश्रा, विद्यालय की प्राचार्य भारती खरे, श्रीमती विभा गुलाटी, बेदिका मिश्रा, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ट शिक्षक संजय शर्मा द्वारा तथा आभार प्रदर्शन प्राचार्य भारती खरे द्वारा किया गया।

## जिला स्तरीय रोजगार मेला 29 नवम्बर को

पन्ना। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना में शुक्रवार, 29 नवम्बर को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक जिला स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियां इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। रोजगार मेले में शामिल कम्पनी के अधिकारियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से युवाओं का रोजगार के लिए चयन किया जाएगा। इस अवसर पर युवाओं को कैरियर परामर्श भी प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर सुरेश कुमार ने रोजगार मेला के सफल आयोजन के लिए जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी तथा जिला प्रबंधक कौशल उन्नयन एवं रोजगार, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन पन्ना कमल श्रीवास्तव को समन्वयकर्ता नियुक्त किया है। इसके अलावा अन्य विभागीय अधिकारियों को भी आवश्यक दायित्व सौंपा गया है।

# विभिन्न मांगो को लेकर स्व सहायता समूह महासंघ ने सौपा ज्ञापन



पन्ना। प्रान्तीय महिला स्व:सहायता समूह महासंघ के आवाहन पर पूरे प्रदेश में महिला स्व:सहायता समूह द्वारा ज्ञापन सौंपे गयें। पन्ना जिले में भी रसोईयों की समस्याओं को लेकर जिला अध्यक्ष के नेत्रत्व में मुख्यमंत्री के नाम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संघ प्रिय को ज्ञापन सौपा गया। उक्त ज्ञापन में एमडीएम में कार्यरत रसोईयों को हटाये जाने की कार्यवाही रोकी जाये। एमडीएम की व्यय राशि साठ प्रतिशत तथा खाद्यान चालीस प्रतिशत दिया जा रहा है, तथा साझा चूल्हा अन्तर्गत व्य पचास प्रतिशत तथा खाद्यान दस प्रतिशत दिया जा रहा है। जिससे साझा चूल्हो की रसोईयों का मानदेय तीन माह से नहीं दिया गया। उक्त समस्या का निराकरण किया जाये। रसोईयों का मानदेय दो हजार रूपये बड़ाकर दिया जाये। साझा चूल्हा की व्यय राशि सात हजार व्यय की जायें। इस प्रकार अनेक बिन्दुओं का ज्ञापन सौपा गया है। उक्त ज्ञापन में जिले भर की रसोईया, स्व सहायता समूह की महिलाए शामिल रही।

# यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालको के खिलाफ की गई कार्यवाही



पन्ना। पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय पुलिस अधिकारी एस.पी.सिंह बघेल के निर्देशानुसार थाना प्रभारी यातायात नीलम लक्षकार ने अपनी टीम के साथ सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं उनमें होने वाली मृत्यूदर में कमी लाये जाने हेतु बिना परमिट, बिना बीमा, बिना फिटनेस एवं पात्रता से अधिक सवारियों को बैठाने वाले 10 ऑटो, ई-रिक्शा चालकों पर कार्यवाही की जाकर 20 हजार रुपये समन शुल्क राशि वसूल की गयी तथा बी.टी.आई. तिराहा पर नो पार्किंग में खडी होने वाली बसो के विरूद्ध भी चालानी कार्यवाही की गयी है। इसके अलावा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 26 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर 7900 रुपये वसूल किया गया। उक्त कार्यवाही में यातायात उपनिरीक्षक महेश तिवारी, प्रधान आरक्षक सुनील पान्डेय, कमलेश सिंह, सहित अन्य स्टाप शामिल रहा।

# रोगी कल्याण समिति के माध्यम से अशासकीय विशेषज्ञ चिकित्सकों को अनुबंधित किए जाने के संबंध में आदेश जारी

पन्ना। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा शासकीय चिकित्सालयों में स्थानीय रोगी कल्याण समिति के माध्यम से अशासकीय (निजी) विशेषज्ञ चिकित्सकों को अनुबंधित किये जाने के लिये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक तथा समस्त जिला चिकित्सालयों को आदेश जारी कर दिये हैं। आदेश अनुसार अनुबंध की अवधि एक वर्ष के लिये होगी, जिसे प्रदर्शन और पारस्परिक सहमति के आधार पर नवीनीकृत किया जा सकेगा। आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तरुण राठी ने जिला चिकित्सालयों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण स्वास्थ्य सुविधाएँ तथा शल्य चिकित्सा आदि प्रभावित होने के दृष्टिगत शासकीय चिकित्सालयों में जहाँ पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के पद स्वीकृत होकर रिक्त हैं तथा उक्तानुसार चिकित्सीय सेवा प्रदायगी के लिये समुचित संसाधन उपलब्ध हैं, वहाँ रोगी कल्याण समिति के माध्यम से (बिना आउटसोर्स एजेंसी) प्रति केस के मान से भुगतान (मासिक आधार पर) प्रावधानित कर अशासकीय (निजी) विशेषज्ञ चिकित्सकों को अनुबंधित किये जाने के लिये कहा है। विशेषज्ञ चिकित्सकों को अनुबंधित किये जाने के लिये भारतीय चिकित्सा परिषद या राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त वैध चिकित्सा डिग्री और विशेषज्ञता योग्यता होनी चाहिये। विशेषज्ञ चिकित्सक का राज्य में चिकित्सीय प्रेक्टिस के लिये मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान परिषद का वैध जीवित पंजीकरण संख्या और लायसेंस होना अनिवार्य है। चिकित्सक के विरुद्ध व्यावसायिक कदाचार (चिकित्सीय सेवा) से संबंधित कोई भी न्यायिक प्रकरण लंबित नहीं होना चाहिये और विशेषज्ञ का अपनी विधा में कार्य किये जाने का न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है।

आयुक्त ने जारी आदेश में जिला चिकित्सालय अशासकीय (निजी) विशेषज्ञ चिकित्सकों को अनुबंधित करने के लिये समिति गठित की है। समिति के अध्यक्ष सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, आरएमओ, दो वरिष्ठ चिकित्सक, जिला नोडल अधिकारी, रोगी कल्याण समिति, जिला लेखापाल, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक सदस्य और सहायक प्रबंधक जिला चिकित्सालय सदस्य सचिव होंगे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के अधीन स्वास्थ्य संस्थाओं के लिये अशासकीय (निजी) विशेषज्ञ चिकित्सक को अनुबंधित किये जाने के लिये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। समिति में डीएचओ, दो वरिष्ठ चिकित्सक, जिला लेखापाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सदस्य और प्रभारी संबंधित संस्था प्रमुख सदस्य सचिव होंगे।

# जिला न्यायाधीश ने थाना प्रभारियों के साथ की बैठक



पन्ना। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आगामी 14 दिसम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन के संबंध में सोमवार को थाना प्रभारियों के साथ बैठक हुई। जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक के अवसर पर थाना प्रभारियों को लोक अदालत के दृष्टिगत शमन की तामीली के संबंध में तत्परता से कार्य कर पक्षकारों को समय पर तामीली सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए, जिससे आमजनों द्वारा लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण के माध्यम से लाभ प्राप्त किया जा सके। बैठक में जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते सहित थाना प्रभारी सिटी कोतवाली, अमानगंज, सलेहा, मड़ला, देवेन्द्रनगर, बृजपुर उपस्थित रहे।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, बुधवार 27 नवम्बर 2024




संभाग के सभी जिलों में 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया गया। संभाग के सभी शासकीय कार्यालयों तथा शिक्षण संस्थाओं में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक रूप से वाचन किया गया। कमिश्नर कार्यालय सभागार में कमिश्नर बीएस जामोद ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया।



## महिला सशक्तीकरण और नशामुक्त समाज, विकास को सार्थक करने के लिए जरूरी : उप मुख्यमंत्री

### हम होंगे कामयाब अभियान अंतर्गत राज्य स्तरीय महिला सुरक्षा संवाद में हुए शामिल

रीवा



उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमंते तत्र देवता के आदर्श को साकार करने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। लाड़ली लक्ष्मी योजना, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, और वन स्टॉप सेंटर जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यह एक पवित्र मिशन है। केवल शासकीय प्रयास ही पर्याप्त नहीं हैं, इसे एक जन आंदोलन बनाना होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल कुशाभाऊ इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में हम होंगे कामयाब अभियान अंतर्गत राज्य स्तरीय महिला सुरक्षा संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के गौरवशाली नेतृत्व में देश तेज गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि विकास के साथ आने वाली चुनौतियों के प्रति हमें सतर्क रहना होगा। विकास को सार्थक बनाने के लिए एकजुट होकर महिलाओं को सशक्त और समाज को सुरक्षित बनाना ज़रूरी है। समाज को नशा मुक्त बनाकर युवाओं की ऊर्जा को सही राह में लगाकर देश को विश्वगुरु बनाना है तो हम सबको मिलकर इस मिशन को सफल बनाना होगा।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने महिलाओं का सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तीकरण आवश्यक है। यह हमारी गौरवशाली परंपरा रही है, विकृतियों को दूर करने के लिए सभी को प्रयास करने होंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने डॉ. रामधारी सिंह दिनकर की प्रसिद्ध कविता का उल्लेख करते हुए कहा कि समर शेष है, नहीं पाप का भागी केवल व्याध, जो तटस्थ हैं, समय लिखेगा उनके भी अपराध। उन्होंने कहा कि नारी सशक्तिकरण और सामाजिक परिवर्तन के इस संग्राम में किसी को भी तटस्थ रहने का अधिकार नहीं है। यह लड़ाई हर व्यक्ति की है, और इसमें सबकी भागीदारी जरूरी है।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने नशे के दुष्प्रभावों को रेखांकित करते हुए कहा कि जेंडर आधारित हिंसा का एक बड़ा कारण नशा भी है। नशे के कारोबार में लिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। नशा मुक्ति केंद्रों के माध्यम से समाज को इस बुराई से मुक्त करने के प्रयास तेज किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह प्रयास समाज में जेंडर समानता और महिलाओं के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कार्यक्रम सह आयोजक स्काई सोशल के प्रयास की सराहना की।

25 नवंबर से 10 दिसंबर तक हम होंगे कामयाब अभियान में प्रदेशवासियों को किया जाएगा जागरूक उल्लेखनीय है कि हम होंगे कामयाब पखवाड़ा 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य न केवल बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा पर केंद्रित है, बल्कि पुरुषों की मानसिकता में बदलाव लाकर एक नए समाज की नींव रखना भी है। पखवाड़े के दौरान विभिन्न जिलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें विभिन्न विभागों के समन्वय से गतिविधियां निर्धारित की गई हैं। आयुक्त महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती सूफिया फारूकी वली, स्काई सोशल की फाउंडर सुश्री सृष्टि प्रगट सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संविधान दिवस मनाया गया

### हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान थीम पर आयोजित हुआ संविधान दिवस

**रीवा।** देश के संविधान को स्वीकार करने के 75 वर्ष पूरे होने पर हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान अभियान के आयोजन आज 26 नवम्बर को संविधान दिवस से आरंभ हुए। संविधान दिवस जिले में विकासखण्ड, ग्राम पंचायत स्तर व नगरीय निकायों में समारोह पूर्वक मनाया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में संविधान दिवस का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल ने कहा कि भारत के संविधान की ही ताकत है कि हम सब एक हैं। हमें मुश्किल समय में संविधान ही राह दिखाता है। यह समन्वय बनाना सिखाता है और इससे आपस में भाई चारा व समानता की राह आसान होती है। उन्होंने सभी को संविधान दिवस की बधाई दी।

कार्यक्रम में प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे ने कहा कि स्वतंत्रता के उपरांत संविधान के अगीकृत होने से स्वतंत्रता का वास्तविक स्वरूप सामने आया। संविधान की नीव इतनी मजबूत है कि हमारा देश विश्व में अग्रणी है। समता, स्वतंत्रता, न्याय आदि मूल्यों पर आधारित संविधान के कारण ही हम उत्तरोतर प्रगति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संवैधानिक मूल्यों को सामने रखकर अपने दायित्व का निर्वहन करें। भारतीय संविधान निर्माताओं का विजन बहुत व्यापक था जिसका परिणाम है कि यह आज भी उसी तरह प्रासंगिक है। इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ अवधेश प्रताप सिंह विश्व विद्यालय के विधि विभाग के प्राध्यापक डॉ. आलोक मिश्रा ने कहा कि अपने कर्तव्य का पालन करना ही संविधान की मूलभावना है। संविधान के अनुरूप आचरण करना हमारा स्वाभिमान है। देश की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित ढंग से प्रबंधित करने का अधिकार हमारे संविधान में है। कार्यक्रम में संविधान निर्माण व उसके मौलिक उद्देश्यों की जानकारी देने वाली वीडियो क्लिप का प्रसारण इस दौरान किया गया। संविधान की उद्देशिका का वाचन उपस्थित जनों ने किया। इससे पूर्व बाबा साहब अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी जीवेन्द्र सिंह एवं कार्यपालन मंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने आभार प्रदर्शित किया।

## पतंजलि ग्रुप मऊगंज जिले में करेगा पाँच हजार करोड़ रुपए का निवेश

### पतंजलि ग्रुप 175 हेक्टेयर में लगाएगा उद्योग, पाँच हजार को मिलेगा रोजगार

**रीवा।** रीवा में 23 अक्टूबर को रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। इस कॉन्क्लेव में विन्ध्य क्षेत्र में औद्योगिक निवेश के कई प्रस्ताव मिले थे। इसमें पतंजलि ग्रुप के आचार्य बालकृष्ण ने सहभागिता निभाई थी। पतंजलि ग्रुप ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर मऊगंज जिले में पाँच हजार करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव भेजा है। इसके लिए ग्राम घुरेहटा में 175 हेक्टेयर भूमि आवंटित करने की माँग की गई है। इसमें कृषि पर आधारित औद्योगिक इकाईयों की स्थापना की जाएगी।

इस संबंध में क्षेत्रीय संचालक एमपीआईडीसी यूके तिवारी ने बताया कि पतंजलि ग्रुप विन्ध्य क्षेत्र में कृषि आधारित उद्योगों की स्थापना के लिए कार्ययोजना प्रस्तुत की है। इसमें फसल विविधीकरण, किसानों के प्रशिक्षण, बीज उत्पादक इकाईयों की स्थापना तथा खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना को शामिल किया गया है। इस कार्ययोजना में किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के साथ-साथ उनके कौशल उन्नयन और जागरूकता को बढ़ावा देने के आयामों को भी शामिल किया गया है। पतंजलि ग्रुप घुरेहटा में 175 हेक्टेयर भूमि में पाँच हजार करोड़ रुपए का निवेश करके विभिन्न इकाईयों की स्थापना करेगी। इससे लगभग पाँच हजार व्यक्तियों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। कार्ययोजना के लागू होने से मऊगंज जिले में औद्योगीकरण में तेजी आएगी।

## नेशनल लोक अदालत के संबंध में सरपंचों के साथ बैठक आज

**रीवा।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन आगामी 14 दिसम्बर को किया जाएगा। इस संबंध में जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 14 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत के आयोजन से पहले जनपद पंचायत रीवा, रायपुर कर्चुलियान तथा गंगेव के ग्राम पंचायतों के सरपंच के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक आगामी 27 नवम्बर को दोपहर 12 बजे से जिला न्यायालय रीवा के एडीआर सेंटर में होगी।

## अधिकारी प्रभार के जिलों में सप्ताह में दो दिन अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें

### सभी न्यायालयीन प्रकरणों में जवाब दावा सात दिनों में दर्ज करें : कमिश्नर

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के पाँच आवेदकों से प्रतिदिन संवाद करें। जिला स्तरीय अधिकारियों से प्रतिदिन प्रकरणों के निराकरण की जानकारी लें। सीएम हेल्पलाइन में प्रकरण लेबल-1 अथवा अन्य किसी स्तर पर अनअटेंडेड रहने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। सभी जिला स्तरीय अधिकारी अपने प्रभार के नवगठित जिलों में प्रत्येक बुधवार और गुरूवार को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर विभागीय कार्य करें। नवगठित मैहर और मऊगंज जिलों का भ्रमण के समय संबंधित कलेक्टर को अवश्य अवगत कराएं।



कमिश्नर ने कहा कि संभाग के सभी जिलों में बड़ी संख्या में न्यायालयीन प्रकरण तथा अवमानना के प्रकरण लंबित हैं। सभी अधिकारी न्यायालयीन प्रकरणों में सात दिन की समय सीमा में शत-प्रतिशत जवाब दावा दर्ज करा दें। जिन प्रकरणों में प्रभारी अधिकारी नियुक्त नहीं हैं उनमें तत्काल प्रकरण के प्रभारी की तैनाती करें। न्यायालय द्वारा पारित प्रकरणों में तत्परता से कार्यवाही करें। शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आदिमजाति कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों के प्रकरण लंबित हैं। न्यायालयीन प्रकरणों के संबंध में हर माह रिपोर्ट प्रस्तुत करें। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि सभी अधिकारी विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए सरल भाषा में योजनाओं की जानकारी तैयार करें। इसके साथ आवेदन पत्र के प्रारूप तथा योजना से लाभ लेने की प्रक्रिया का भी उल्लेख करें।

## रोजगार मेला 29 नवम्बर को मऊगंज में

### रोजगार मेले में 7 कंपनियों द्वारा किया जाएगा युवाओं का चयन

**रीवा।** मऊगंज जिले में सेठ रघुनाथ प्रसाद महाविद्यालय मऊगंज में 29 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया गया है। रोजगार मेला मध्यप्रदेश संकल्प योजना के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। मेले में 7 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों हेतु युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 18 से 48 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। आयु सीमा विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। वेतन एवं भत्ते 8000 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

## जनसुनवाई में 80 आवेदकों की सुनी गई समस्यायें

**रीवा।** प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आज कलेक्ट्रेट में 80 आवेदकों की समस्यायें सुनीं गई। प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे ने विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों को विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर समाधानकारक निराकरण करने के निर्देश दिये। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय तथा डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले ने भी जनसुनवाई की। इस दौरान रीवा निवास उसमान अंसारी को आर्थिक सहायता के तौर पर एक हजार रूपये रेडक्रास सोसायटी से देने के निर्देश दिये गये। जमुना साकेत जोरी निवासी के खाद्यान्न प्रदाय के आवेदन पर खाद्य अधिकारी को तथा पूर्व मा.वि. भौखरी खुर्द में हैण्ड पंप सुधार के आवेदन पर पीएचई विभाग के अधिकारी को कार्यवाही करने के निर्देश प्रभारी कलेक्टर द्वारा दिये गये। शंकुलता निपनिया निवासी के आर्थिक सहायता प्रदान करने, राजमणि यादव चन्द्रपुर सेमरिया निवासी के खसरा खतौनी की नकल के आवेदनों को संबंधित एसडीएम को कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया। जबकि भीटा गुढ़ के सुकवरिया के निजी आराजी के अवैध कब्जा हटाने, पुष्पा त्रिपाठी गहनौआ के निजी भूमि में अवैध बोर कर धमकी देने के आवेदनों पर संबंधित पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। दरहा चचाई निवासी नरेन्द्र कुमार द्विवेदी ने किसान सम्मान निधि योजना में नाम शामिल कराने का आवेदन दिया।



## समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन दो दिसम्बर से 20 जनवरी तक

### किसानों से 2300 रुपए प्रति क्विंटल की दर से होगा धान का उपार्जन

**रीवा।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन दो दिसम्बर से किया जाएगा। धान उपार्जन की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है। इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवड़े बताया कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 78 केन्द्र स्थापित कर दिए गए हैं। जिले में 64243 किसानों ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए पंजीयन कराया है। इनका सत्यापन किया जा चुका है। धान उपार्जन के लिए तहसील गुढ़ में 6, जवा में 5, त्योंथर में 19, मनगवां में 10, रायपुर कर्चुलियान में 7, सेमरिया में 8, सिरमौर में 10, तहसील हुजूर में 15 खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं। अधिकांश गोदाम में ही खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं जिससे उपार्जित धान का तत्काल भण्डारण हो सके।

## संविधान से अनुशासन बनाने की प्रेरणा मिलती है : बी एन त्रिपाठी

**रीवा।** शहर में स्थित पेंटियम पॉइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन द्वारा संचालित पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज (कॉलेज ऑफ़ लॉ) तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय के करहिया परिसर में संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के मुख्य प्रबंध संचालक बी एन त्रिपाठी रहे जबकि अध्यक्षता महाविद्यालय के शैक्षणिक संचालक एस के त्रिपाठी ने की।कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन तथा दीप स्तुति के साथ हुई।दीप स्तुति की प्रस्तुति यामिनी पांडे और कोमल शुक्ला द्वारा दी गई।कार्यक्रम के दौरान संविधान की प्रस्तावना का पाठ विधि के छात्र शिवानी पाठक एवं देवेश सोनी द्वारा किया गया।कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति आस्था श्रीवास्तव,अरुण पटेल,अनुराधा साहू,रवीना सिंह द्वारा प्रस्तुत किए गए। संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य प्रबंध संचालक ने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और इसका संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है भारतीय संविधान निर्माताओं ने अपने देश के एक ऐसा संविधान निर्मित किया जो आज आजादी के 77 सालों के बाद अडिग है जबकि इसके साथ निर्मित अन्य देशों के संविधान अनगिनत बार बदले गए।भारतीय संविधान भारतीय नागरिकों के साथ विदेशी नागरिकों को भी बहुत सारे अधिकार देता है जो किसी अन्य देश के संविधान में संभव नहीं है।भारतीय संविधान एक जीवंत दस्तावेज़ है जो अपने और विदेशी नागरिकों के सपने को साकार करता है आज संविधान दिवस के अवसर पर संविधान निर्माताओं को नमन,संविधान दिवस का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता फैलाना और संविधान के प्रति सम्मान बढ़ाना है। यह दिन हमें भारतीय संविधान के मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों और धर्मनिरपेक्षता, समानता, स्वतंत्रता, और न्याय जैसे मूलभूत सिद्धांतों की याद दिलाता है। यह हमारे लिए एक मौका है कि हम अपने लोकतांत्रिक अधिकारों और जिम्मेदारियों को समझें और उनका पालन करें। कार्यक्रम का सफल संचालन विधि के छात्र आनंद कुशवाहा द्वारा किया गया जबकि आभार प्रदर्शन विधि विभाग की प्राध्यापिका प्रियंका सोनी द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ राकेश तिवारी,सहायक प्राध्यापक विधि विभाग रत्नेश मोहन मिश्रा, दीपक शुक्ला सहायक प्राध्यापिका शिवांशी पांडेय साथ ही प्रीति गुप्ता,हिमांशु पांडेय मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



## केन्द्रीय जेल में संविधान दिवस का किया गया आयोजन

**रीवा।** केन्द्रीय जेल रीवा में भारतीय संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान के तहत उत्सव के रूप में संविधान दिवस मनाया गया। संविधान दिवस के अवसर पर जेल में स्टॉफ तथा बंदियों को भारतीय संविधान की जानकारी देने के साथ- साथ राष्ट्रीय एकता और अखण्डता को अक्षुण्ण बनाए रखने की शपथ दिलाई गई । कार्यक्रम के दौरान जेल में संविधान के प्रति जागरूकता को प्रदर्शित करते हुए बंदियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया । संविधान दिवस के अवसर पर केन्द्रीय जेल रीवा में ए.डी.जे. श्री दिलीप सिंह, श्री सुरेन्द्र सिंह एवं श्री आनंद पाण्डेय उपस्थित रहे।


आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सूवधा

अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में

लेज़र मशीन द्वारा

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू

लेजर फायदें

- अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
- किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
- कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है

उपलब्ध सुविधाएँ

- आकस्मिक चिकित्सा इकाई
- गहन चिकित्सा
- खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र
- दवाईयाँ
- प्रसूति कक्ष
- शल्य चिकित्सा कक्ष
- शल्य क्रियोत्तर कक्ष

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)

8435896118, 9630131919, 7898847200


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833